तापमान
अधिकतम 31.2 डिग्री
न्यूनतम 20.2 डिग्री

हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, गुरुवार 7 नवंबर 2024

12 चुनाव प्रचार में आई तेजी, भाजपा कांग्रेस के बड़े ...


14 तहसील कार्यालय में कचरे की तरह पड़े है मतदाता फार्म


# यात्रियों से मनमानी वसूली, हरिभूमि की खबर पर एक्शन, 349 बसों पर जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खबर का असर

बस संचालकों द्वारा यात्रियों के साथ किराया भाड़ा के नाम पर लूट तथा दिव्यांग, 80 साल से ज्यादा उम्र के यात्रियों से किराया लेने के मामले को परिवहन विभाग ने गंभीरता से लिया है। तय किराया से ज्यादा किराया वसूलने वाले 349 बस संचालकों के खिलाफ परिवहन विभाग ने कार्रवाई करते हुए चार लाख 47 हजार 800 रुपए जुर्माना वसूल किया है। गौरतलब है कि बसों में किराया सूची चस्पा नहीं होने के साथ बसों में जो किराया सूची चस्पा की गई है, उसके अस्पष्ट होने के साथ ही दिव्यांग तथा बुजुर्ग यात्रियों से किराया वसूली की खबर दैनिक सामाचार पत्र हरिभूमि ने प्रमुखता के साथ प्रकाशित की थी।

खबर प्रकाशित होने के बाद परिवहन विभाग ने इसे गंभीरता से लेते हुए यात्री बसों की जांच की। परिवहन विभाग की फ्लाइंग स्कवायड की टीम ने राज्य के अलग-अलग जिलों में बसों की औचक जांच कर 349 बसों में यात्रियों से तय किराया से ज्यादा किराया राशि वसूली करते पकड़ा।

## दिव्यांग यात्रियों से किराया वसूलने की शिकायत पर की जाएगी कार्रवाई

### छूट का लाभ इस तरह मिलना है

शासन के निर्देशानुसार जो व्यक्ति दृष्टिहिन है, बौद्धिक रूप से तथा दोनों पैरों से चलने में असमर्थ है, साथ ही ऐसे बुजुर्ग जिनकी उम्र 80 साल या उससे ज्यादा है, ऐसे यात्रियों को सामान्य से लग्जरी बसों में किराया भाड़ा में शत प्रतिशत छूट है। साथ ही नक्सल हिंसा से प्रभावित व्यक्ति जो प्रमाण पत्र दिखाए, उसे किराया भाड़ा में 50 प्रतिशत छूट देने का प्रावधान है। परिवन विभाग के अफसरों के अनुसार चिन्हांकित वर्ग के लोगों को किराया भाड़ा में छूट नहीं देने वाले बस संचालकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।




### किराया सूची की नियमित जांच

परिवहन विभाग के अफसरों के अनुसार बसों में किराया सूची लगाना अनिवार्य है। अफसरों ने बसों में किराया सूची की नियमित जांच करने के निर्देश दिए हैं। जिन बसों में किराया सूची चस्पा नहीं की जाएगी, उन बस ऑपरेटरों के खिलाफ चालानी कार्रवाई करने के साथ ही बसों का परमिट निरस्त करने की चेतावनी दी गई है।

## खबर संक्षेप

### पटाखा चलाने के विवाद पर चाकू से हमला

**रायपुर।** नेवरा थाने की पुलिस ने पटाखा जलाकर फेंकने से मना करने पर चाकू से हमला करने वाले बदमाश को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक तरुण संतवानी की शिकायत पर कैलाश उर्फ गोलू निषाद को गिरफ्तार किया गया है। तरुण के अनुसार रविवार को गोवर्धन पूजा के दिन कैलाश अपनी बुलेट से आया और बुलेट खड़ी कर पटाखा तरुण की ओर फेंकने लगा। तरुण ने कैलाश को पटाखा फेंकने से मना किया। इस बात से नाराज होकर कैलाश ने तरुण पर चाकू से हमला कर दिया। घटना में शामिल एक अन्य युवक फरार है।



### पेशाब कर रहे युवक के साथ मारपीट

**रायपुर।** पुरानी बस्ती थाना में एक युवक ने दो अज्ञात लड़कों के खिलाफ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक अनुराग अग्रवाल ने मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। अनुराग ने पुलिस को बताया है कि वह भाठागांव रिंग रोड में एक खाली प्लाट के पास पेशाब कर रहा था। इसी दौरान मौके से गुजर रहे अज्ञात लड़कों ने उसके साथ मारपीट कर उस पर चाकू से हमला कर दिया।

### लुटेरा पकड़ा गया नौ मोबाइल जब्त

**रायपुर।** राह चलते लोगों से मोबाइल छीनने वाले बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। आरोपी के पास से नौ कीमती मोबाइल और घटना में उपयोग किया जाने वाला मोपेड बरामद किया है। दो दिन पहले डूमरतालाब के पास रहने वाले अनुज विश्वकर्मा ने आमानाका थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसका मोबाइल लूट लिया गया है। पुलिस ने अपराध दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की। इसी दौरान सूचना मिली कि इन्द्रप्रस्थ आरडीए कालोनी निवासी अमन खोबरागड़े अपने पास बेचने के लिये बहुत सी कपंनी के मोबाइल रखे हुए है। घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा गया और उससे लूटे गए सभी मोबाइल जब्त किया गया।

## जेल में बंद बदमाशों का उनके साथी सोशल मीडिया में कर रहे पोस्ट

# मैं हूं डॉन...गोली मारने वाले बदमाश सोशल मीडिया में बन रहे शेर, मारने की दे रहे धमकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर


■ लगातार आपराधिक घटना से हलाकान पुलिस ने की सरप्राइज चेकिंग

सेंट्रल जेल गेट के सामने फायरिंग की घटना को अंजाम देने वाले आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद बदमाशों के चेले-चपाटे सोशल मीडिया में सक्रिय हो गए हैं। जेल जाने वाले बदमाश साहिल खान के नाम से उसके गुर्गे सोशल मीडिया में अकाउंट बनाकर बाकी लोगों को मारने की धमकी दे रहे हैं। इसके साथ ही बदमाशों ने गोली कांड की खबरें सोशल मीडिया अकाउंट में भी अपलोड कर दिया है।

गौरतलब है कि सोमवार को वर्चस्व की लड़ाई के लिए ▶▶| शेष पेज 13 पर

### सोशल मीडिया पोस्ट में यह लिखा है

इंस्टाग्राम के सीजी डॉन छोटा अन्नू प्रोफाइल पेज में बदमाशों ने जो पोस्ट किया है, उसमें लिखा है ' हमें मारना तो आसान है, पर तुम्हारा बचना नामुमकिन है।' इसी तरह एक अन्य पोस्ट में बदमाशों ने लिखा है बाप तो बाप रहेगा, हमने पहले ही बोला था, अब तो धीरे-धीरे सब की .....







### घटना के बाद बदमाशों की खैरखबर लेने निकली पुलिस

जिले में एक सप्ताह के भीतर फायरिंग, नौ हत्या, चाकूबाजी, लूट की घटनाएं होने के बाद पुलिस की किरकिरी हो रही है। बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई करने दो एडिशनल एसपी, तीन सीएसपी, छह टीआई, क्राइम ब्रांच की टीम सहित दो सौ से ज्यादा पुलिस कर्मियों की टीम बुधवार तड़के चार बजे शहर के अलग-अलग थाना क्षेत्र की बीएसयूपी कालोनी तथा बस्ती में रहने वाले लोगों की जांच करने निकली। जांच के दौरान पुलिस ने मारपीट के मामले में 13 साल से फरार वारंटी के साथ 11 स्थायी तथा 13 गिरफ्तारी वारंट की तामिली की।

### माना संप्रेक्षण गृह में भागने वालों का सरगना

सेंट्रल जेल परिसर गेट के सामने गोली कांड के आरोप में पकड़े गए बदमाशों में शेख शहनवाज का नाबालिग भाई भी है। गौरतलब है कि माना संप्रेक्षण गृह में चार माह पूर्व एक दर्जन से ज्यादा नाबालिग बच्चे सुरक्षा गार्ड के साथ मारपीट कर भाग गए थे। शूट आउट की घटना में शामिल नाबालिग संप्रेक्षण गृह से भागने वाले बच्चों का सरगना था। रायपुर निवासी होने के बाद भी माना संप्रेक्षण गृह से भागे शैतानी बच्चे का गिरफ्तार नहीं हो पाना कई संदेहों को जन्म देता है।

### पुलिस ने कहा पोस्ट की जांच कर रहे

बदमाशों के सोशल मीडिया वार को लेकर हरिभूमि की टीम ने क्राइम डीएसपी संजय सिंह से संपर्क किया, तो उनका कहना है कि इंस्टाग्राम सहित अन्य सोशल साइट में अपलोड वीडियो की साइबर सेल की टीम जांच कर रही है। साथ ही पुलिस अफसर ने आईपी एड्रेस ट्रैस कर पोस्ट अपलोड करने वाले की पहचान कर कार्रवाई करने की बात कही।

## राहत की खबर, मोतियाबिंद सर्जरी से पीड़ित आठ मरीजों की अस्पताल से छुट्टी

*नौ मरीजों का चल रहा उपचार, आंख निकालने की जरूरत नहीं*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

दंतेवाड़ा जिला अस्पताल में मोतियाबिंद की सर्जरी में लापरवाही के मामले में राहत की बड़ी खबर सामने आई है। प्रभावित होकर इलाज के लिए आंबेडकर अस्पताल पहुंचे आठ मरीजों को स्वस्थ होने के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। यहां भर्ती शेष नौ मरीजों का उपचार जारी है और किसी की भी आंख निकालने की नौबत नहीं आई है। दो मरीजों के इलाज की प्रक्रिया थोड़ी लंबी चलने के आसार हैं।

दंतेवाड़ा के जिला अस्पताल में मोतियाबिंद की सर्जरी के बाद मामला ▶▶| शेष पेज 13 पर

### स्वास्थ्य मंत्री रखे हुए थे नजर

इस मामले को स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने काफी गंभीरता से लिया था। मामले में दंतेवाड़ा के चिकित्सकीय स्टाफ पर कार्रवाई की गई थी और आंबेडकर अस्पताल में मरीजों को उच्च स्तर की उपचार सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए थे। जायसवाल स्वयं मरीजों का हाल जानने के लिए अस्पताल तक पहुंचे थे, साथ ही उनके इलाज को लेकर डाक्टरों से लगातार फीडबैक ले रहे थे।

जोन 6 का ऑनलाइन टेंडर

## नरैया तालाब में टॉय ट्रेन बटर फ्लाई पार्क के लिए करना होगा इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

टिकरापारा के नरैया तालाब के चारों ओर टॉय ट्रेन की सवारी करने अभी थोड़ा इंतजार और करना होगा। संगीत के साथ जुंबा और उछलकूद करने यहां जंपिंग जोन बनेगा। नगर निगम जोन 6 ने रुचि की अभिव्यक्ति मंगाई है। टेंडर खुलने से पहले रायपुर दक्षिण क्षेत्र के उपचुनाव की आचार संहिता लागू हो गई। ऐसे में अब आचार संहिता शिथिल होते ही टेंडर खोलकर एजेंसी तय की जाएगी। प्रोजेक्ट में रंगीन तितलियों को आकर्षित करने नरैया तालाब किनारे बटर फ्लाई पार्क भी बनाया जाएगा। ▶▶| शेष पेज 13 पर



### आचार संहिता शिथिल होते ही खुलेगा टेंडर

*नरैया तालाब को पिकनिक स्पॉट के रूप में विकसित करने मल्टी एक्टीविटी शुरू की जाएगी। इसके लिए जोन से ऑनलाइन टेंडर हुआ है। चूंकि यह रायपुर दक्षिण क्षेत्र का हिस्सा है, इसलिए आचार संहिता शिथिल होते ही टेंडर खोलकर एजेंसी तय की जाएगी।*

*- रमेश जायसवाल, कमिश्नर जोन क्रमांक 6, नगर निगम रायपुर*

तापमान सामान्य से कम

## चढ़ेगा उत्तर का पारा मध्य में बदलाव नहीं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

तापमान में गिरावट के साथ उत्तरी हिस्से में बढ़ रही ठंड के बीच अगले तीन दिन तक न्यूनतम तापमान में थोड़ी बढ़ोतरी होने के आसार हैं मगर मध्य में इसका प्रभाव नहीं होगा। मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक राज्य में सुबह के वक्त हल्की ठंड महसूस होने लगी है। खासकर इसका प्रभाव पेंड्रा और अंबिकापुर में महसूस हो रहा है और वहां का तापमान सामान्य से कम हो चुका है। रायपुर समेत मध्य इलाके में तापमान एक डिग्री अधिक दर्ज किया जा रहा है और बस्तर सामान्य स्थिति में है। अनुमान है कि अगले तीन दिनों तक उत्तरी हिस्से में रात के तापमान में थोड़ी बढ़ोतरी होने से ठंड बढ़ेगी। नवंबर के महीने में तापमान में गिरावट काफी धीमी गति से होती है और ठंड धीरे-धीरे बढ़ती है। बुधवार को राज्य में अधिकतम तापमान 33.6 डिग्री तापमान दुर्ग का दर्ज किया गया, रायपुर का पारा 33 तक पहुंचा था। वहीं न्यूनतम में 13.7 अंबिकापुर और 20.2 रायपुर का दर्ज किया गया था।




प्रदेश का पहला शैक्षणिक संस्थान जहां संचालित होगा इस तरह का पाठ्यक्रम

# आयुष विवि सिखाएगा, दोबारा आई कोविड जैसी बीमारी तो कैसे करें नियंत्रित? चेन्नई संग मिलकर पढ़ाएगा 'महामारी विज्ञान'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ प्रक्रिया जारी, अगले सत्र से हो सकती है शुरुआत, आयुष यूटीडी में ही होगा संचालन

आयुष विवि अब मेडिकल छात्रों और प्रोफेशनल्स को यह बताएगा कि यदि देश में अथवा विश्व में दोबारा कोविड जैसे महामारी आई, तो हालातों को किस तरह से नियंत्रण में लाया जाए। आयुष इससे संबंधित कोई नया विषय प्रारंभ नहीं करने जा रहा है, बल्कि इससे संबंधित संपूर्ण कोर्स ही संचालित किया जाएगा। इसके लिए प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। अगले सत्र से इस कोर्स की शुरुआत होने की संभावना है। इसके लिए आईसीएमआर चेन्नई संग बातचीत भी पूर्ण हो गई है। ▶▶| शेष पेज 13 पर



### प्रक्रिया चल रही

*कोर्स की रूपरेखा लगभग तैयार हो चुकी है। सीट निर्धारण, प्रवेश पात्रता सहित अन्य चीजों के निर्धारण के लिए प्रक्रिया चल रही है। हम शीघ्र ही यह पाठ्यक्रम प्रारंभ करेंगे।*

*- डॉ. अजितेश मिश्रा, परीक्षा नियंत्रक व पाठ्यक्रम प्रभारी, आयुष विवि*

### यूटीडी में अब तक एक भी कोर्स नहीं

पं.रविशंकर शुक्ल विवि अध्ययनशाला में कई तरह के पाठ्यक्रमों का संचालन होता है। ना सिर्फ रविवि बल्कि स्वामी विवेकानंद तकनीकी विवि सहित प्रदेश के अधिकतर विश्वविद्यालयों की अध्ययनशालाओं में कई तरह के डिप्लोमा और डिग्री कोर्स संचालित किए जाते हैं। आयुष विवि अरसे ▶▶| शेष पेज 13 पर

### प्रभाव से लेकर उपचार तक

किसी तरह की नई बीमारी आने पर किस आयु वर्ग को वह सर्वाधिक प्रभावित कर रही है, इससे लेकर इसके उपचार और अधिक लोगों में फैलने से बचाने तक के लिए उपचार के बारे में मेडिकल छात्रों को बताया जाएगा। उन्हें महामारी से निपटने के लिए विधिवत रूप से प्रशिक्षित किया जाएगा, ताकि दोबारा कोविड की तरह स्थिति उत्पन्न होने पर कुशलतापूर्वक प्रबंधन किया जा सके। गौरतलब है कि आयुष विवि प्रदेश का पहला शैक्षणिक संस्थान होगा, जहां एपिडेमियोलॉजी अर्थात महामारी विज्ञान संबंधित अध्ययन-अध्यापन होगा।

## खबर संक्षेप



### क्लबफुट का निशुल्क उपचार होगा आंबेडकर अस्पताल में

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में टेढ़े पैर के निशुल्क उपचार की शुरुआत डॉ.भीमराव आंबेडकर मेमोरियल अस्पताल में की गई। यह कार्यक्रम कोल इंडिया, क्योर इंडिया और आंबेडकर अस्पताल के हड्डी रोग विभाग द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम में क्लबफुट से पीड़ित 20 बच्चे, उनके माता-पिता और 30 मितानिन उपस्थित थे। विधायक पुरंदर मिश्रा एवं मुख्य अतिथि कोल इंडिया की रेणु चतुर्वेदी द्वारा बच्चों और मितानिनों को फुट एबडक्शन ब्रेस का निशुल्क वितरण और आशा कार्ड का वितरण किया गया। हड्डी रोग विभागाध्यक्ष डॉ. रविकांत दास, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर और सीएमएचओ डॉ. मिथिलेश चौधरी सहित ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन के राज्य सचिव डॉ. अतिन कुंडू और प्रो.राजेंद्र अहिरे इस दौरान उपस्थित रहे।

### सामूहिक लोकनृत्य का आयोजन

**रायपुर।** उजियार संस्था द्वारा 9 नवंबर को टिकरापारा स्थित हरदेवलाला मंदिर परिसर में सामूहिक लोकनृत्य उजियार हमर चिन्हारी का आयोजन किया जा रहा है। इसमें बच्चों के लिए धान व बांस शिल्प कार्यशाला होगी। जिसमें रामकुमार पटेल, पाटन आर्ट गैलरी और चंद्रप्रकाश धान से बनाने वाली कलाकृति पर प्रतिभागियों को मार्गदर्शन देंगे। दूसरे चरण में ओपन माइक के माध्यम से युवा पीढ़ी को प्रतिभा निखारने का मौका मिलेगा। इसके साथ ही तीसरे चरण में सांस्कृतिक संझा में सभी युवा कलाकार मिलकर सामूहिक लोकनृत्य की प्रस्तुति देंगे। इसमें प्रतिभागी करमा, सुआ, पंथी, राउत नाचा में थिरकेंगे।

### पेंशनरों के लिए डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र अभियान शुरू

**रायपुर।** केन्द्र एवं राज्य सरकार की नौकरियों से रिटायर हुए कर्मचारियों को पेंशन मिलती रहे, उसके लिए प्रतिवर्ष नवंबर माह में पेंशनर को जीवन प्रमाण पत्र यानि लाइफ सर्टिफिकेट जमा कराना होता है। 80 साल और उससे अधिक उम्र के पेंशनरों की सहूलियत के लिए सरकार ने 1 अक्टूबर से ही जीवन प्रमाण पत्र जमा करने के लिए प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। इस संबंध में डाक परिमंडल के सहायक निवेशक ने बताया कि इंडिया पोस्ट पेमेंटस बैंक ने 2020 में डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र बनाने की डोरस्टेप सेवा शुरू की थी। वर्तमान में इंडिया पोस्ट पेमेंटस बैंक द्वारा पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग के साथ मिलकर राष्ट्रव्यापी डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र अभियान 1 से 30 नवबंर तक चलाया जा रहा है जिसमें फेस ऑथेंटिकेशन तकनीक और फिंगरप्रिंट बायोमैट्रिक ऑथेंटिकेशन की सहायता से दूरदराज एवं ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले सभी पेंशनभोगियों और वरिष्ठ नागरिक पेंशन भोगियों को उनके घर-दरवाजे के सबसे नजदीक जीवन प्रमाण पत्र जमा करने की सुविधा प्रदान किया जा रहा है। इंडिया पोस्ट पेमेंटस बैंक द्वारा यह सुविधा छत्तीसगढ़ के 134 उप डाकघरों एवं प्रधान डाकघरों में कैंप-शिविर के माध्यम से भी प्रदान की जा रही है। अधिक जानकारी के लिए अपने नजदीकी डाकघरों में संपर्क किया जा सकता है।

# एनपीए लिए बिना प्राइवेट प्रेक्टिस करने वाले डाक्टरों पर नहीं होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नॉन प्रेक्टिस अलाउंस का लाभ नहीं लेने वाले डाक्टरों पर प्राइवेट प्रेक्टिस करने पर कार्रवाई नहीं की जाएगी। उनके काम से अगर सरकारी व्यवस्था प्रभावित नहीं होती है, तो उन्हें प्रेक्टिस करने की छूट दी जाएगी। विभागीय सख्ती और मेडिकल कालेज के डाक्टरों के इस्तीफे के बीच भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ को स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने यह आश्वासन दिया है।

एनपीए लेने के बाद भी सरकारी के बजाए निजी अस्पताल के प्रति काम में ईमानदारी दिखाने वाले चिकित्सकों पर स्वास्थ्य विभाग सख्ती बरतने के मूड में है। ऐसे चिकित्सकों के साथ संबंधित निजी अस्पतालों को भी आयुष्मान योजना के तहत कार्रवाई का आश्वासन दिया है। मामला काफी गरमाया हुआ है और मेडिकल कालेजों में सेवा देने वाले संविदा डाक्टर इसके विरोध में नौकरी छोड़ने की चेतावनी दे रहे हैं। इस मामले में बुधवार को डाक्टरों के एक प्रतिनिधिमंडल ने भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डा. विमल चोपड़ा के नेतृत्व में स्वास्थ्य मंत्री से मुलाकात की। इस दौरान उन्हें इस आदेश की वजह से चिकित्सकों को होने वाली परेशानी और वर्तमान स्थिति से अवगत कराया गया। स्वास्थ्य मंत्री ने उन्हें आश्वासन दिया है कि सख्ती एनपीए लेकर निजी अस्पतालों में सेवा देने वाले डाक्टरों पर की जा रही है। जो भत्ता नहीं लेते और उनके प्राइवेट प्रेक्टिस से सरकारी अस्पताल में व्यवधान नहीं हो रहा है, उन पर कार्रवाई नहीं की जाएगी और ऐसे अस्पतालों को भी इससे दूर रखा जाएगा। इसके अलावा चिकित्सकों का एक सलाहकार मंडल बनाया जाएगा, जो विभाग में समय-समय पर अपनी सलाह देगा। स्वास्थ्य मंत्री से मुलाकात करने वालों में डॉक्टर अखिलेश दुबे, डॉ प्रेम चौधरी, डॉक्टर अनिल कानावत, डॉ मनोज ठाकुर, डॉ आरआर वर्मा, डॉ किशोर सिन्हा एवं डॉक्टर अमित उपस्थित थे।

स्वास्थ्य मंत्री का आश्वासन, भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ ने की मुलाकात



### छह माह से भुगतान नहीं

चिकित्सकों ने स्वास्थ्य मंत्री को यह भी जानकारी दी कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना के अंतर्गत अस्पतालों को 6 माह से भुगतान नहीं हुआ है। इसके कारण कई अस्पतालों की आर्थिक स्थिति खराब हो रही है। मंत्री ने भुगतान समयबद्ध तरीके से और पेंडिंग पेमेंट किस्तों में दिए जाने का आश्वासन दिया।

### बांड अवधि पर जल्द बैठक

डाक्टरों ने चिकित्सा विशेषज्ञ और चिकित्सा अधिकारियों की बांड अवधि के बारे में भी उनसे चर्चा की। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि इस मामले में मध्यावधि चुनाव के बाद चिकित्सा प्रकोष्ठ के साथ एक बैठक की जाएगी। इस दौरान नर्सिंग होम एक्ट के पालन और पेचीदगी पर भी चर्चा की जाएगी।


# चुनाव प्रचार में आई तेजी, भाजपा कांग्रेस के बड़े नेता मैदान पर उतरे

## सांसद बृजमोहन का सुनील सोनी के पक्ष में विशाल रोड शो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर दक्षिण विधानसभा उप चुनाव के लिए मतदान की तारीख जैसे-जैसे नजदीक आ रही है, भाजपा और कांग्रेस ने अपना प्रचार तेज कर दिया है। विधानसभा क्षेत्र में दोनों पार्टियों के बड़े नेता रोड शो और सभाएं करने में जुटे हैं। भाजपा सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने रोड शो कर सभाएं ली। वहीं कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट ने दो जगह चुनावी सभा ली। चुनाव प्रचार को लेकर बुधवार से तेजी आ गई है। अब प्रचार थमने तक यह सिलसिला जारी रहेगा।

रायपुर सांसद एवं पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने बुधवार को शहीद ब्रिगेडियर उस्मान वार्ड और राजीव पाण्डेय वार्ड में रोड शो के जरिए जनसंपर्क अभियान चलाया। रोड शो की शुरुवात सिद्धार्थ चौक टिकरापारा हनुमान मंदिर से हुई। संतोषी नगर चौक-संजय नगर मेन रोड-राधाकृष्ण मंदिर से शासकीय स्कूल पहुंचा जहां रोड शो का समापन हुआ। रोड शो में मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, विधायक मोतीलाल साहू भी शामिल रहे। स्थानीय लोगों ने जगह जगह उनका गर्मजोशी से स्वागत किया और भाजपा प्रत्याशी सुनील सोनी को समर्थन देने का आश्वासन दिया। बृजमोहन अग्रवाल ने जनता को संबोधित करते हुए उनके निरंतर समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, जिस तरह आप सभी ने लगातार आठ बार मुझे विजयी बनाया, अब नौवीं बार सुनील सोनी को विजयी बनाने का आशीर्वाद दें। उन्होंने क्षेत्र के विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए जनता से अपील की है कि वे एकजुट होकर क्षेत्र की प्रगति में योगदान दें।





### जनता से आशीर्वाद मांगने आए हैं : महंत



नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि दक्षिण की जनता ने 2023 के विधानसभा चुनाव में जो विधायक को जिताया था, वो कहां चले गये? वह विधायक बहुत अच्छे काम कर रहे थे, ऊपर भेज दिया, सांसद बना दिया गया और दक्षिण विधानसभा का सीट को खाली कर दिया। अब दक्षिण विधानसभा उप चुनाव के लिये भाजपा ने सुनील सोनी को टिकट दिया है, जिसके बारे में पूरी जनता जानती है। इस विधानसभा में आकाश जैसे युवा लड़का, काम करने वाला और काम को सुनने वाला युवा लड़का चाहिये, जिसके लिये जनता से आशीर्वाद मांगने आये हैं।

### पायलट बोले- एक विचारधारा को जिताने के बजाय विकास के लिए करें बदलाव

एआईसीसी महासचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट ने रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्याशी आकाश शर्मा के पक्ष में दो सभाओं को संबोधित किया। चुनाव में जुटे कांग्रेस नेताओं की बैठक भी ली। चुनावी सभा को संबोधित करते हुये कहा, कांग्रेस ने आपकी भरोसे पर आकाश शर्मा को दक्षिण विधानसभा चुनाव में उतारा है। हम सब कांग्रेस के नेता आप लोगों से कांग्रेस प्रत्याशी आकाश शर्मा के लिये वोट मांगने आये हैं। ये चुनाव सरकार बनाने का चुनाव नहीं है। प्रदेश में सत्ता परिवर्तन का चुनाव नहीं है। ये चुनाव 30-35 साल से आप एक ही विचारधारा को जिताते आ रहे हैं, इस समय क्षेत्र के विकास के लिये आपको दक्षिण विधानसभा में बदलाव की जरूरत है।

#### भाजपा का सत्ता का घमंड

पायलट ने कहा, भाजपा सत्ता में आते ही घमंड में आ जाती है। चंद उद्योगपतियों को फायदा पहुंचाने के लिये हवाई अड्डा, देश की सरकारी संपत्तियां बेची जा रही हैं। 11 माह की सरकार में आदिवासियों के साथ, दलितों के साथ जो व्यवहार हुआ है, लूटपाट, चोरी डकैती, चाकूबाजी, सरेआम गोलीबारी हो रही है। जिनको आपने महापौर और सांसद के रूप में देखा है, निष्क्रिय रहे, लेकिन इस उपचुनाव में एक नये युवा चेहरे आकाश शर्मा को अवसर दें। सदन में आकाश शर्मा आपका वकील बनकर काम करेगा। पूरा भरोसा है आप नौजवानों को मौका देंगे।

### विकास दोगुनी तेजी से होगा : सुनील



भाजपा प्रत्याशी सुनील सोनी ने कहा, अपनों के बीच आशीर्वाद का सिलसिला जारी है, उपचुनाव में कमल खिलने के बाद विकास का सिलसिला भी दोगुनी तेजी से जारी रहेगा।

### सक्रिय विधायक चुनिए : आकाश



कांग्रेस प्रत्याशी आकाश शर्मा ने कहा, इस दक्षिण विधानसभा उपचुनाव में मौका देने के लिये सभी कांग्रेस नेताओं को धन्यवाद। ये चुनाव निष्क्रिय और सक्रिय के बीच हो रहा है। क्षेत्र की जनता मूलभूत समस्याओं से जूझ रही है। इस बार आप सक्रिय विधायक चुनिये।



## उपचुनाव : स्ट्रांग रूम की तैयारियों का जायजा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर दक्षिण विधानसभा उप चुनाव की तैयारियां जोरशोर से की जा रही हैं। इस कड़ी में बुधवार को सामान्य प्रेक्षक जी. रेखा रानी ने सेजबहार स्थित इंजीनियरिंग कॉलेज के स्ट्रांग रूम का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा किया। इस दौरान सामान्य प्रेक्षक ने सुरक्षा सहित अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर अधिकारियों को निर्देशित किया कि मतदान सामग्री, बैलेट बाक्स की सुरक्षा पूरी तरह सुनिश्चित की जाए, ताकि चुनाव प्रक्रिया पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से संपन्न हो। रेखा रानी ने कहा कि चुनाव आयोग की सभी सुरक्षा मानकों के तहत स्ट्रांग रूम की निगरानी की जाएगी। इस दौरान नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी उमाशंकर बंदे सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। चालू माह की 13 तारीख को उपचुनाव के लिए मतदान होगा। चुनाव में इस बार भाजपा-कांग्रेस सहित विभिन्न दलों एवं निर्दलीय मिलाकर कुल 30 प्रत्याशी मैदान पर हैं।

# पिछली दीपावली से दोगुना बढ़ा हवा में प्रदूषण का स्तर, सुध लेने वाली एजेंसियां बेसुध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- पीएम 2.5 का स्तर 309 से 500, पीएम 10 का स्तर 190 से 500 पहुंचा




राज्य में वायु प्रदूषण में सबसे ज्यादा प्रदूषित शहरों में रायपुर टॉप पर है। दीपावली गुजर जाने के एक सप्ताह बाद भी हवा के स्तर में सुधार नहीं आया है। राजधानी में वायु प्रदूषण का स्तर 500 से 200 के बीच अटका हुआ है। पीएम 2.5 तथा पीएम 10 मानक स्तर से बहुत ज्यादा है। शहर के भीतरी इलाकों में प्रदूषण मापक यंत्र नहीं है। शहर के अंदरूनी इलाकों में वायु प्रदूषण मापक यंत्र लगे होने पर प्रदूषण का स्तर और ज्यादा होने की आशंका है।

भाठागांव स्थित इंटर स्टेट बस टर्मिनल में लगी मॉनिटर यूनिट में 1 नवंबर 2024 से 6 नवंबर 2024 तक पीएम 2.5 का स्तर क्रमशः 500, 448, 186, 226, 144 और 195 के अधिकतम स्तर पर दर्ज किया गया है, जबकि इसे 60 से अधिक नहीं होना चाहिए। इसी अवधि के दौरान पीएम 10 का स्तर क्रमशः 500, 412, 147, 135, 115 और 139 था, जबकि इसे 100 से अधिक नहीं होना चाहिए। इसी अवधि के दौरान, कार्बन मोनोऑक्साइड का स्तर स्वीकार्य अधिकतम सीमा से कई गुना अधिक है।

#### एलर्जी से लेकर कई बीमारियों से जूझ रहे लोग

पीएम 2.5 तथा पीएम 10 के मानक स्तर से ज्यादा होने की वजह से लोग सर्दी, जुकाम, एलर्जी से लेकर कई तरह की मौसमी बिमारियों से जूझ रहे हैं। ज्यादातर लोग इसे मौसमी बीमारी मानकर अनदेखी कर रहे हैं। चिकित्सकों के मुताबिक वायु प्रदूषित होने की वजह से अस्थमा, ब्रोंकाइटिस, हृदय रोग, फेफड़ों का कैंसर, प्रीमेच्योर्ड डिलीवरी और अन्य बीमारी होने का खतरा बढ़ जाता है।

# पीएम आवास शहरी के आवास दिसंबर तक करने होंगे पूरे, वर्ना नहीं मिलेगी अनुदान की रकम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत स्वीकृत सभी मकानों को अगले महीने दिसंबर की 31 तारीख तक बनाकर पूरा करना होगा। अगर ऐसा नहीं किया गया, तो अधूरी परियोजना के राज्य सरकार द्वारा संबंधित नगरीय निकाय को वित्तीय अनुदान की राशि नहीं दी जाएगी।

यही नहीं, इसी योजना के एक घटक के तहत अधूरे यानी अप्रारंभ मकानों को 31 अक्टूबर तक बनाना शुरू करने के निर्देश थे, लेकिन जो मकान अब तक शुरू नहीं हो पाए हैं, उनके लिए कटौती प्रस्ताव शासन को देने कहा गया है। खास बात ये है कि यह कदम भारत सरकार के आवासन और शहरी कार्यमंत्रालय के निर्देश पर उठाए जा रहे हैं।

### ये है योजना के क्रियान्वयन की स्थिति

बताया गया है कि सितंबर तक की स्थिति में छत्तीसगढ़ में इस योजना अन्तर्गत कुल 2 लाख 24 हजार 310 आवास स्वीकृत हैं, जिनमें 1 लाख 63 हजार 939 आवास पूर्ण एवं 45 हजार 700 आवास प्रगतिरत हैं। इसी योजना के एक घटक भागीदारी में किफायती आवास निर्माण में झुग्गी, स्लम, गैर-स्लम में निवासरत पात्र हितग्राहियों के लिए निर्मित समूह आवासों में व्यवस्थापित किया जाता है। योजना अन्तर्गत कुल 40 हजार 503 आवास स्वीकृत हैं, जिनमें 20 हजार 99 आवास पूर्ण एवं 17 हजार 676 आवास प्रगतिरत हैं। यानी करीब साढ़े 17 हजार मकान नहीं बन पाए हैं।

### पांच हजार करोड़ से अधिक खर्च हो चुका

बताया गया है कि योजना के तहत स्वीकृत आवासों के लिए कुल 6696 करोड़ अनुदान राशि (केन्द्रांश एवं राज्यांश) स्वीकृत है। स्वीकृत राशि में से 5477 करोड़ राशि प्राप्त हुई है। प्राप्त राशि में से 5160 करोड़ का व्यय किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि हर गरीब का सपना होता है कि उनका स्वयं का आवास हो और हमारी सरकार इस दिशा में तेजी से काम कर रही है।

### ये है मामला

प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के अंतर्गत कम आय वाले लोगों के लिए केंद्र सरकार के केंद्रांश और राज्य सरकार के राज्यांश की राशि मिलाकर निकायों को दी जाती है। योजना के तहत स्वीकृत आवासों को 31 दिसंबर 2024 तक अनिवार्य रूप से पूरा करने के संबंध में समय समय पर आयोजित विभागीय समीक्षा बैठकों में निर्देश दिए जाते रहे हैं। अब खुद नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने कहा है की खेद का विषय है कि योजना की अवधि की समाप्ति के दो माह पहले तक भी निकायों द्वारा अप्रारंभ और अपूर्ण आवासों को पूरा करने में रुचि नहीं ली जा रही है।

## बिचौलियों पर रोक लगाने की जा रही कवायद

# शिविर केंद्र में पांच मिनट में बन रहा लर्निंग लाइसेंस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

परिवहन विभाग आरटीओ कार्यालय आकर लर्निंग लाइसेंस बनवाने वालों को बिचौलियों से बचाने त्वरित लाइसेंस बनाकर देने का काम कर रहा है। इससे मैन्युअल तरीके से लर्निंग लाइसेंस बनवाने वालों के लिए बड़ी राहत है। पिछले 10 महीने के भीतर चार हजार 950 लोगों ने लर्निंग लाइसेंस बनवाया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 27 प्रतिशत ज्यादा है। पिछले वर्ष दस महीनों में 3615 लोगों ने लर्निंग लाइसेंस बनवाया था।

परिवहन विभाग द्वारा जारी बयान के मुताबिक मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशानुसार जिला प्रशासन के शिविरों में भी लर्निंग लाइसेंस बनाने का काम किया जा रहा है। इससे ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को बड़ी राहत मिल रही है। शिविर में लर्निंग लाइसेंस बनाए जाने की वजह से ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को परिवहन कार्यालय का चक्कर लगाना नहीं पड़ रहा है। परिवहन विभाग के अफसरों ने शिविरों में लर्निंग लाइसेंस बनाए जाने से पारदर्शिता बढ़ने का दावा किया है।



### अवकाश के दिनों में भी लाइसेंस

अफसरों के अनुसार लर्निंग के बाद स्थायी लाइसेंस बनाने अभ्यर्थियों को सुबह 10 के पहले तथा शाम को पांच के बाद ट्रैक में प्रैक्टिस करने की सुविधा प्रदान की जा रही है। स्थायी लाइसेंस बनवाने वालों के लिए अवकाश के दिन शनिवार तथा रविवार को भी परिवहन कार्यालय खोले जाने की जानकारी परिवहन विभाग के अफसरों ने दी है। साथ ही स्थायी लाइसेंस बनवाने वालों को टेस्ट के पूर्व डेमो देने की सुविधा प्रदान की जा रही है। डेमो के बाद स्थायी लाइसेंस बनवाने वालों को टेस्ट देने में आसानी होती है।

### दिव्यांगों को टैक्स में छूट

परिवहन विभाग दिव्यांगों को भी छूट दे रहा है। दिव्यांगों से लाइफ टाइम टैक्स के रूप में 360 रुपए निर्धारित किया गया है। इसके साथ ही दिव्यांगों को जीएसटी में 10 प्रतिशत तथा सेस में एक प्रतिशत की छूट दी जा रही है। दस महीनों में 60 दिव्यांगों को ड्राइविंग लाइसेंस जारी किया गया है।

# अब एचओडी को केंद्रांश-राज्यांश की राशि निकालने का अधिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केंद्र प्रवर्तित योजनाओं के लिए केंद्र और राज्य सरकार द्वारा दिए जाने वाली अपने-अपने हिस्से की राशि को निकालने (विमुक्ति) का अधिकार अब विभागाध्यक्ष (एचओडी) को दिया गया है, लेकिन इसके साथ ही कुछ शर्तें भी रखी गई हैं। ये साफ किया गया है कि भारत सरकार द्वारा जारी केंद्रांश एवं अनुपातिक राज्यांश की राशि उसी समय विमुक्त की जाए, जब केंद्रांश की राशि मिल जाए। वित्त विभाग की सहमति के बिना राज्य की विमुक्ति न की जाए। खास बात ये कि अब 30 दिनों में राशि निकालनी होगी।

## 30 दिन में निकालनी होगी रकम

### जारी हुआ ये आदेश

राज्य सरकार के वित्त विभाग ने शासन के सभी विभागों, राजस्व मंडल बिलासपुर, सभी विभागाध्यक्ष, सभी संभागीय आयुक्त और कलेक्टरों को भेजे आदेश में 12 साल पहले जारी एक परिपत्र के हवाले से कहा है कि केंद्रीय, क्षेत्रीय, केंद्र प्रवर्तित तथा अन्य केंद्रीय सहायता प्राप्त योजनाओं में भारत सरकार से केंद्रांश प्राप्त होने पर केंद्रांश एवं आननुपातिक राज्यांश विमक्त करने के अधिकार सशर्त प्रशासकीय विभागों को प्रत्यायोजित किए जाते है, विमुक्ति की सहमति के लिए नस्ती वित्त विभाग को भेजने की आवश्यकता नहीं होती है। भारत सरकार द्वारा केंद्रांश जारी होने के 30 दिनों के अंतक केंद्रांश और राज्यांश की राशि एसएनए खाते में ट्रांसफर करना आवश्यक है। इसमें देरी होने पर केंद्रांश की राशि पर 7 प्रतिशत की दर से दांडिक ब्याज का प्रावधान है। अब इस प्रक्रिया में बदलाव करते हुए केंद्र प्रवर्तित योजनाओं के अंतर्गत प्राप्त आवंटन की त्वरित मुक्ति के लिए पीएफएमएस एसएनए, और पीएफएमएस एसएनए-एसीआरएसएच योजनाओं के लिए सरलीकरण करते हुए केंद्रांश और राज्यांश की विमुक्ति का अधिकार विभागाध्यक्ष को प्रत्यायोजित किया गया है। लेकिन इसके लिए कुछ शर्तें भी जोड़ी गईं है।

**ये है नई शर्तें :** शर्तों में ये कहा गया है कि पीएफएमएस एसएनए द्वारा केंद्र प्रवर्तित योजनाओं के अंतर्गत केंद्र शासन से राशि प्राप्त होने के 30 दिनों के भीतर केंद्रांश और आनुपातिक राज्यांश की राशि विमुक्ति की जाए।

## खबर संक्षेप

### तामासिवनी में भव्य मातर मड़ई आज

रायपुर। अभनपुर के ग्राम तामासिवनी स्थित बाजार चौक में 7 नवंबर को भव्य मातर मड़ई का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर रात्रिकालिन सांस्कृतिक कार्यक्रम लोककला मंच राजेंद्र रंगीला (छईहा) की प्रस्तुति दी जाएगी। यह जानकारी कार्यक्रम के आयोजक एसकुमार साहू ने देते हुए बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक इंद्रकुमार साहू होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व विधायक धनेंद्र साहू करेंगे।

### कमर में चाकू रखकर घूम रहा माइकल गिरफ्तार

रायपुर। कमर में चाकू रखकर लोगों को



आतंकित करने वाले माइकल उर्फ मुकेश धीवर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी दलदल सिवनी इलाके में घटना को अंजाम देने की फिराक में घूम रहा था। थाने में सूचना आई थी कि पुरानी गंभीर घटना को अंजाम दे सकता है। सूचना पर पहुंची पुलिस को देखकर माइकल भागने लगा, जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया। उसके पास से धारदार चाकू बरामद किया गया है।

### युवक पर जानलेवा हमला, दो गिरफ्तार

रायपुर। रोहिणीपुरम इलाके में युवक पर जानलेवा हमला करने के मामले में डीडीनगर पुलिस ने एक नाबालिग सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। घटना 1 नवंबर की रात करीब 8 बजे की है। प्रार्थी पार्श्वनाथ पांडेय ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि घटना के समय वह अपने दोस्त आकाश तिवारी के साथ स्कूटी से रोहिणीपुरम तालाब से लाखेनगर की ओर जा रहा था। इसी दौरान पीछे से एक स्कूटी में सवार तीन अज्ञात लड़के आए और बिना किसी वजह के प्रार्थी और उसके साथी आकाश को लकड़ी के डंडे व हाथ-मुक्का से मारपीट करने लगे।

## निधन

### लालचंद अग्रवाल



रायपुर। रायपुर निवासी युगबोध प्रकाशन के संचालक लालचंद अग्रवाल (88) का 5 नवंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 6 नवंबर को मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे युगबोध अग्रवाल, आत्मबोध अग्रवाल के पिता और प्रियांशु, निखिल, सत्यार्थ और प्रबोध के दादा थे।

### दलजीत कौर छाबड़ा



रायपुर। लास विस्ता कॉलोनी अमलीडीह निवासी दलजीत कौर छाबड़ा का 6 नवंबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 7 नवंबर को सुबह 11.30 बजे उनके निवास स्थान से राजेंद्र नगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे अमोलक सिंह छाबड़ा की पत्नी और सरबपाल सिंह छाबड़ा एवं अमितोज सिंह छाबड़ा की माता थीं।

**न्यायालय नायब तहसीलदार 1, मंदिर हसौद**

**मामले की श्रेणी: राजस्व**

संदर्भः- जिला - रायपुर तहसील मंदिर हसौद प.ह.न. - 00024 नवागांव ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-. RD202425440205100005

**ईश्तहार**

तहसील मंदिर हसौद के प.ह.न. 00024 के अंतर्गत ग्राम नवागांव के वर्तमान भूमिस्वामी नया रायपुर विकास प्राधिकरण पिता/पति-अटल नगर रायपुर पता- नया रायपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 15000/1 (0.0216) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता लक्ष्मी प्रसाद वर्मा पिता/पति-गयाराम वर्मा पता-मोपका बलौदाबाजार के नाम पर पंजीयन / फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 20/11/2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय नायब तहसीलदार-1, मंदिर हसौद पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपति स्वयं /अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 28/10/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर

तहसीलदार
Raj kumar sahu
मंदिर हसौद

**न्यायालय भाड़ा नियंत्रक रायपुर छत्तीसगढ़**

**// समाचार पत्र में ईश्तहार प्रकाशन //**

**प्रकरण क्र. 03-ब/121 वर्ष 2024-25**

**श्रीमती उर्मिला गुप्ता वि. श्री राजकुमार तिवारी**

क्रमांक / 124/ आर.सी.ए./ 2024

रायपुर दिनांक 05/11/2024

प्रति,

श्री राजकुमार तिवारी पिता स्व. श्री राजेन्द्र तिवारी निवासी मकान नं. 25, सिमरन सिटी फेस-1, मठपुरैना तह. व जिला रायपुर (छ.ग.)

**विषय** :- प्रकरण में पक्ष समर्थन हेतु न्यायालय में उपस्थित होने बाबत।

इस न्यायालय के विचाराधीन प्रकरण क्र. 03-ब/121 वर्ष 2024-25 में आवेदिका श्रीमती उर्मिला गुप्ता की ओर से आम मुख्त्यार अरविंद कुमार गुप्ता के द्वारा आपके विरूद्ध छ.ग. भाड़ा नियंत्रण अधिनियम 2011 को धारा 11 के अंतर्गत आवेदिका के स्वामित्व एवं आधिपत्य के मकान नं. 25 सिमरन सिटी फेस-1 मठपुरैना रायपुर का रिक्त आधिपत्य एवं बकाया किराया राशि दिलाये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त प्रकरण दिनांक 20.11.2024 को सुनवाई हेतु नियत है। अतएव आप प्रकरण में नियत सुनवाई दिनांक 20.11.2024 को स्वतः अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें। अन्यथा प्रकरण में आपको एकपक्षीय मानकर विधि अनुसार कार्यवाही की जावेगी। **भाड़ा नियंत्रक रायपुर(छ.ग.)**

# आगजनी होते ही मेंटेनेंस के लिए जारी हुई पेंडिंग राशि, डीन ने बनाई चार सदस्यीय इन्वेस्टीगेशन कमेटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

आंबेडकर अस्पताल के न्यू ट्रामा में हुई आगजनी की घटना के बाद फायर फाइटिंग सिस्टम के आवश्यक रखरखाव के लिए राशि जारी की गई है, जो काफी समय से पेंडिंग थी। मामले की जांच के लिए मेडिकल कालेज के डीन ने चार सदस्यीय टीम बनाई है। बुधवार को एसडीआरएफ के चीफ अजातशत्रु आंबेडकर अस्पताल पहुंचे। उन्होंने एसडीआरएफ और अस्पताल स्टाफ के साथ फायर फाइटिंग के लिए संयुक्त रूप से मॉकड्रिल करने का सुझाव दिया है। एसी के कंप्रेसर में ब्लास्ट होने के बाद फैले धुएं से आंबेडकर अस्पताल की तीसरी मंजिल स्थित न्यू ट्रामा वार्ड में आपाधापी मच गई थी। उस वक्त वहां के आपरेशन थियेटर में एक युवक की सर्जरी चल रही थी। धुआं के साथ फैली दहशत के बीच ओटी में मौजूद डाक्टरों ने मरीज को ओटी टेबल से स्ट्रेचर में रखकर खिड़की के रास्ते बाहर निकाला था। आपात स्थिति में सूझबूझ दिखाने के दौरान कुछ डाक्टर चोटिल भी हुए, मगर उन्होंने किसी तरह का नुकसान मरीज को नहीं होने दिया। इस घटना के बाद अस्पताल प्रबंधन की कोताही पर सवाल उठने लगे थे। आगजनी के बाद मेंटेनेंस के अभाव में रखे आगजनी सुरक्षा उपकरण के रखरखाव के लिए राशि जारी कर दी गई, जो काफी समय से पेंडिंग थी। घटना की जांच के लिए डीन डॉ. विवेक चौधरी ने चार सदस्यीय टीम का गठन किया, जो दो दिन में अपनी रिपोर्ट देगी। एसडीआरएफ डायरेक्टर अजातशत्रु बहादुर सिंह ने बुधवार को आगजनी स्थल का मुआयना किया। उन्होंने आवश्यक कमियां दूर करने के साथ अस्पताल प्रबंधन को फायर फाइटिंग सिस्टम के बारे में स्टाफ को ट्रेनिंग देने एसडीआरएफ के साथ मॉकड्रिल का सुझाव दिया।

## एसडीआरएफ चीफ पहुंचे आंबेडकर अस्पताल, होगा संयुक्त मॉकड्रिल

### ओटी पुनः शुरू करने की तैयारी

अस्पताल अधीक्षक डा. संतोष सोनकर ने बताया कि ऑपरेशन थियेटर को पुनः शुरू करने साफ-सफाई का काम किया जा रहा है और अगले दो से तीन दिन में इसे प्रारंभ कर दिया जाएगा। आगजनी की घटना से न्यू ट्रामा का एक ऑपरेशन थियेटर में धुआं भर गया था, जिससे वहां रखे उपकरण सहित अन्य सामान प्रभावित हुए थे। दूसरी ओटी सामान्य स्थिति में है, जिसमें भी आवश्यक रखरखाव किया जा रहा है।



### बदले जाएंगे फायर इंस्टींग्यूसर

आगजनी के दौरान अस्पताल में कुछ एक्सपायर हुए फायर इंस्टींग्यूसर रखे मिले थे। अस्पताल प्रबंधन की ओर से स्पष्ट किया गया है कि यह उपकरण स्पेयर के थे। घटना के बाद उठे सवाल को देखते हुए इन्हें भी बदलने की तैयारी का जारी है। अस्पताल की ओर से यह भी स्पष्ट किया गया है कि जिस तरह आगजनी हुई वहां वाटर स्प्रिंकलर और स्मोक डिटेक्टर नहीं थे, क्योंकि वह नया निर्माण था।

## 2 माह के लिए ट्रायल पर शहर में मच्छर उन्मूलन का ठेका

# मच्छर बेकाबू, धुंआ छोड़ने वाली इकलौती बड़ी मशीन बंद, ई रिक्शा से छिड़काव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

शहर में मच्छरों के डंक से लोगों का बुरा हाल है। 10 दिन में नगर निगम द्वारा खोले गए मास्किटो कंट्रोल रूम में 100 से ज्यादा लोगों ने फागिंग कराने और एंटी लार्वा छिड़काव के लिए शिकायत की। इनमें 60 शिकायतों का मौके पर समाधान किया गया, 40 लोगों की शिकायतें लंबित हैं। शहर के आउटर स्थित मेला स्थल पर स्टेज परफार्म करने आए मेहमान भी मच्छरों से परेशान रहे। कलाकार को मंच से कहना पड़ा मच्छर-मच्छर। दरअसल, शहर को मच्छर मुक्त कराने निगम प्रशासन ने अलग-अलग उपाय किए। पहले मुख्यालय स्तर पर शहरभर में फागिंग कराने और एंटी लार्वा छिड़काव की व्यवस्था रही। बाद में इसे बदलकर जोन स्तर पर किया गया। पूर्व में शहर के 70 वार्डों में मच्छर उन्मूलन के लिए निगम के पास पहले दो बड़ी फागिंग मशीन हुआ करती थी। देखरेख के अभाव में इनमें से एक मशीन कबाड़ हो गई। दूसरी बड़ी मशीन इन दिनों बंद पड़ी है। अब पूरे शहर को मच्छर से बचाने एकीकृत योजना बनाकर ठेका एजेंसी को प्रयोग बतौर लाया गया है। उसके पास शुरुआत में मात्र 5 छोटी मशीन है, जिसे ई रिक्शा के जरिए घूम-घूमकर वार्डों में धुंआ छोड़ने में लगाया गया है। साथ ही अनुबंधित एजेंसी के कर्मचारी हाथ चलित मशीन लेकर एंट्री लार्वा ट्रीटमेंट करने निकलते हैं।




### 3 टोल फ्री नंबर, 2 बंद

सूत्रों के मुताबिक शहर में मच्छर उन्मूलन का कार्य कर रही एजेंसी ने आम जनता की सुविधा के लिए 3 टोल फ्री नंबर उपलब्ध कराए। ये कहा गया कि इन नंबरों पर रायपुर के किसी भी इलाके से रहवासी घर बैठे अपने इलाके में मच्छरों की समस्या होने पर फागिंग और एंटी लार्वा छिड़काव के लिए कॉल कर सकता है, पर इनमें से 2 टोल फ्री नंबर सप्ताहभर से बंद पड़े हैं, जिन्हें सुधारा नहीं गया है। केवल एक नंबर पर लोगों को शिकायत करने की सुविधा मिल रही है।

### शिकायत निवारण के लिए 24 से 48 घंटे की समय सीमा

गांधी सदन में स्वास्थ्य महकमे की ओर से शुरू किए गए एंटी मास्किटो कंट्रोल रूम में टोल फ्री नंबर पर मच्छरों से संबंधित शिकायत ली जाती है। इन शिकायतों के समाधान के लिए 24 से 48 घंटे समय सीमा तय है। इसके बाद भी शिकायतें लंबित रहने से लोगों को परेशान होना पड़ रहा है।

### इन स्थानों से आया कॉल

आरएमएस कालोनी टैगोर, संतोषी नगर, रामनगर गुढ़ियारी, टाटीबंध, एकता नगर, लोधीपारा कांपा, पंडरी, सेक्टर 4 जागृति नगर, जनता कालोनी सेक्टर 2 शंकरनगर, भनपुरी, जरवाय, हीरापुर सहित अन्य रहवासी क्षेत्र।

# 14 वार्डों में नई पाइप लाइन से एक टाइम पानी सप्लाई का ट्रायल 15 से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के 130 करोड़ के 24 घंटे जल आपूर्ति वाले प्रोजेक्ट की दिसंबर के अंतिम सप्ताह में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से वर्चुवल लांचिंग की तैयारी है।

आवासन एवं शहरी विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड से उसके पूर्ण हो रहे प्रोजेक्ट की जानकारी मंगाने के बाद विभागीय अफसरों ने इसकी जोर-शोर से तैयारी शुरू कर दी है। सूत्रों के मुताबिक इसी माह की 15 तारीख से पायलट प्रोजेक्ट के तहत चयनित शहर के 14 वार्डों में 24 घंटे जल आपूर्ति का ट्रायल शुरू होने जा रहा है। अभी एक टाइम नई पाइप लाइन से संबंधित वार्डों में पानी की सप्लाई का ट्रायल होगा। राजधानी के 14 वार्डों में दिसंबर से 24 घंटे शुद्ध पानी मिलने लगेगा। रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के 130 करोड़ के पायलट प्रोजेक्ट से शहर की 1.25 लाख आबादी को राहत मिलेगी। प्रयोग सफल रहा, तो शहर के अन्य वार्डों में भी इस योजना का विस्तार किया जाएगा। प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों के मुताबिक 15 नवंबर से 1 माह तक 14 वार्डों में 24 घंटे जल आपूर्ति के लिए बिछाई गई नई पाइप लाइन से जल आपूर्ति की स्थिति जांचने ट्रायल रन शुरू होगा। केंद्र सरकार की इस अहम योजना को लेकर आवासन एवं शहरी विकास मंत्रालय ने रायपुर स्मार्ट सिटी से प्रोजेक्ट की डिटेल रिपोर्ट मंगाई थी। सूत्रों के मुताबिक दिसबंर के अंतिम सप्ताह में स्मार्ट सिटी के इस महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट की लांचिंग पीएम नरेंद्र मोदी वर्चुवल माध्यम से कर सकते हैं। विदित हो, स्मार्ट सिटी के एबीडी एरिया में शामिल शहर के 14 वार्डों में 24 घंटे जल आपूर्ति के लिए मोतीबाग और गंज पानी टंकी को कमांड एरिया बनाकर 160 किलोमीटर की नई पाइप लाइन संबंधित एरिया में बिछाई गई है। इसी नई पाइप लाइन से जल आपूर्ति जांच करने 15 नवंबर से ट्रायल एक टाइम शुरू होगा। योजना के तहत पानी की खपत जांचने 22 हजार स्वचालित निःशुल्क वाटर मीटर भी लगाने का काम साथ-साथ चल रहा है।

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से दिसंबर के अंतिम सप्ताह में वर्चुवल लांचिंग प्रस्तावित




### 5 साल तक मेंटनेंस व संचालन की शर्त

कोल्हापुर की लक्ष्मी सिविल इंजीनियरिंग कार्पोरेशन अनुबंध की शर्त के अनुसार 24 घंटे जल आपूर्ति के इस प्रोजेक्ट में 5 साल तक देखरेख व संचालन अपने खर्च पर करेगी। साथ ही पानी का प्रेशर जांच करने फिल्टर प्लांट में स्काडा सिस्टम के लिए अलग से सेटअप रहेगा।

### महाराजबंद तालाब एसटीपी मंजिला शास्त्री मार्केट का लोकार्पण प्रस्तावित

इसी तरह राजधानी के भाठागांव क्षेत्र स्थित ऐतिहासिक महाराजबंद तालाब में बन रहे सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट, शास्त्री बाजार में 10 करोड़ की लागत से नवनिर्मित चार मंजिला व्यावसायिक परिसर और मटन मार्केट के नए भवन का दिसंबर के अंतिम सप्ताह तक लोकार्पण प्रस्तावित है।

## पेज 11 के शेष ...

### मैं हूं डॉन...गोली ....

संतोषी नगर निवासी हिस्ट्रीशीटर बदमाश शेख साहिल पर सानू महाराज उर्फ शेख शहनवाज ने देशी कट्टा से दो राउंड गोली चलाई थी। देशी कट्टा के कारतूस से निकले छर्रे साहिल के गले, चेहरा तथा छाती में लगे थे। घटना के बाद पुलिस ने बदमाशों को घेराबंदी कर गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की। पूछताछ में शहनवाज ने पुलिस को बताया है कि वह छह माह पूर्व उत्तरप्रदेश, मौदहा से कट्टा खरीदकर लाया था। **कट्टा आपूर्ति करने वाले पुलिस पकड़े से बाहर** : राजधानी में पूर्व में भी फायरिंग की घटनाएं हुई हैं, लेकिन अमन साहू के शूटरों को छोड़ अन्य घटनाओं में कट्टा आपूर्ति करने वालों को पुलिस ने गिरफ्तार नहीं किया है। इसके कारण कट्टा बेचने वाले आसानी से शहर में बड़े पैमाने पर कट्टा खपाने का काम कर रहे हैं। कट्टा खपाने वालों के पड़ोसी राज्य से आए बदमाश कुरियर ब्वाय का काम करते हैं। क्राइम डीएसपी के मुताबिक सेंट्रल जेल परिसर में फायरिंग की घटना में बदमाशों को कट्टा उपलब्ध कराने वाले की पहचान की जा रही है।

### राहत की खबर, मोतियाबिंद ....

बिगड़ने पर एक के बाद सत्रह मरीजों इंफेक्शन की शिकायत के बाद इलाज के लिए आंबेडकर अस्पताल भेजा गया था। यहां नेत्र रोग विभाग की टीम ने इन मरीजों की सघन जांच की और कुछ की दोबारा सर्जरी हुई और कुछ मरीजों का इंफेक्शन दवा की मदद से नियंत्रित किया गया। प्रारंभिक स्तर पर इस बात की आशंका थी कि आंबेडकर अस्पताल पहुंचे कुछ मरीजों की आंखों की रोशनी लापरवाही की भेंट चढ़ सकती है। मामला संवेदनशील होने की वजह से दंतेवाड़ा के प्रभावित मरीजों को अलग वार्ड में रखकर उनका इलाज किया जा रहा था और इसके डाक्टरों की अलग टीम लगाई गई थी। डाक्टरों की मेहनत के बाद अच्छी खबर सामने आई है और पिछले दो दिन में अस्पताल से आठ मरीजों को स्वस्थ होने के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। वहीं इस बात का दावा भी किया जा रहा है कि अभी अस्पताल में जो नौ मरीज भर्ती हैं, उनमें से किसी की रोशनी जाने का खतरा नहीं है। जिन दो मरीजों के आंखों की रोशनी वापस लौटने पर संशय था, दावा किया जा रहा है कि उनकी रोशनी जाने का खतरा टल गया है और इंफेक्शन काफी हद तक नियंत्रित हो चुका है। इलाज में थोड़ा वक्त लग सकता है, मगर आंख निकालने की नौबत नहीं आएगी। आंबेडकर अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर ने बताया कि मरीजों को उत्कृष्ठ स्तर की उपचार सुविधा मुहैया कराई गई है।

### नरैया तालाब में .....

राजधानी वासियों के लिए तेलीबांधा के मरीन ड्राइव की तर्ज पर शहीद पंकज विक्रम वार्ड स्थित नरैया तालाब को अब पिकनिक स्पॉट के रूप में विकसित करने की तैयारी है। इसके लिए 1 करोड़ खर्च कर योग करने वालों के लिए पक्का शेड, बच्चों के मनोरंजन के लिए टॉय ट्रेन तालाब के चारों किनारों की सैर कराने चलाई जाएगी। इसी तरह मल्टीएक्टिविटी के तहत संगीत के साथ जुंबा डांस, उछलकूद करने जंपिंग जोन एरिया बनेगा। राजधानीवासियों को आकर्षित करने रंगीन तितलियों को लुभाने वाले पौधे लगाकर बटर फ्लाई पार्क बनाया जाएगा। इसमें मेंटनेंस की शर्त अनुबंध में शामिल रहेगी।

### आयुष विवि सिखाएगा, दोबारा ....

आईसीएमआर अर्थात इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च के सहयोग से मास्टर डिग्री और पीएचडी प्रोग्राम के साथ ही शॉर्ट टर्म सर्टिफिकेट प्रोग्राम भी एपिडेमियोलॉजी अर्थात महामारी विज्ञान के अंतर्गत संचालित किया जाएगा। इसके लिए सेटअप सहित अन्य तरह की व्यवस्थाएं पूर्ण हो चुकी हैं। आईसीएमआर चेन्नई से इसके लिए ओएमयू भी हो चुका है।

### यूटीडी में अब ....

पहले नवा रायपुर स्थित अपने नए कैंपस में शिफ्ट हो चुका है। इसके बाद भी अब तक यहां कोई पाठ्यक्रम संचालित नहीं किया जा सका है। आयुष विवि अब अध्ययनशाला में पाठ्यक्रम प्रारंभ करने की तैयारी है। आपदा प्रबंधन संबंधित डिग्री पाठ्यक्रम और पीएचडी से इसकी शुरुआत होगी।

# दादी की बैट से पिटाई, बुजुर्ग महिला ने रिपोर्ट करने से किया इनकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- घटना पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र की

पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र का सोशल मीडिया में एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें पोता अपनी दादी की क्रिकेट बैट से बेपहमी से पिटाई करते दिख रहा है। दादी दर्द से कराह रही है, बावजूद इसके पोता अपनी दादी की पिटाई कर रहा। पिटाई से बुजुर्ग महिला का हाथ सूज गया है। वीडियो वायरल होने के बाद बुजुर्ग महिला का पोता तथा घर के अन्य सदस्य घर बंद कर फरार हो गए। घटना अमरपुरी इलाके की है। जानकारी के मुताबिक गंगाबाई देवांगन अपने बेटे बहू के साथ रहती है। गंगाबाई का अपनी बहू के साथ किसी घरेलू बात पर विवाद



हो गया। इसकी खबर गंगाबाई के पोते विशाल देवांगन को लगी। विशाल ने गुस्से में आकर अपनी दादी की बेरहमी से पिटाई कर दी। गंगा बाई के मुताबिक उसके पोते ने उसकी चप्पल से भी पिटाई की है।

***रिपोर्ट करने से किया इनकार*** : घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस गंगा बाई के घर पहुंची। पुलिस के पहुंचने पर दर्द से कराहती महिला ने अपने पोते या घर के किसी सदस्य के खिलाफ किसी तरह की रिपोर्ट करने से इनकार कर दिया।




**Health Town**

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय

**श्री श्रेयन आयुर्वेद**

Panchkarma & Wellness Centre

(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वथ्य जीवन का राज)

वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment

Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564

पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

**राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र**

(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)

न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561

• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग

**डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव**
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित

अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

Trust the Expert
DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC

**डॉ. मनोज अग्रवाला**
एमडी (सीएमसी वेल्लोर)
(गोल्ड मेडलिस्ट)

**स्किन क्लिनिक**

सेवाएं: मुहांसे ❖ सोरायसिस ❖ स्किन एलर्जी ❖ पिगमेंटेशन ❖ विटिलिगो/ ल्यूकोडरमा ❖ पीआरपी थेरेपी ❖ एलोपेसिया ❖ अर्टीकेरिया ❖ फंगल इनफेक्शन ❖ टेली कंसलटेशन ❖ लेजर थेरेपी

चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.) 0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

**// आम सूचना का खंडन //**

मैं अपने पक्षकार सुश्री मंजु परिहार पुत्री - श्री राजेन्द्र सिंह परिहार, अध्यक्ष प्रियंवदा लोक कल्याण समिति रायपुर छ.ग. से प्राप्त एवं निर्देशानुसार रायपुर से प्रकाशित दैनिक हरिभूमि में दिनांक 03/11/2024 को सचिव प्रियंवदा लोक कल्याण समिति रायपुर की ओर से प्रकाशित आम सूचना जिसमें मेरे पक्षकार को प्रियंवदा लोक कल्याण समिति रायपुर छ.ग. के अध्यक्ष पद से निष्कासित किये जाने का उल्लेख है, का इस आम सूचना के द्वारा खंडन किया जा रहा है। मेरे पक्षकार वर्तमान में भी प्रियंवदा लोक कल्याण समिति रायपुर छ.ग. की विधिवत निर्वाचित अध्यक्ष है, तथा मेरे पक्षकार का निष्कासन संबंधी निर्णय संस्था के नियमावली के विपरीत है। प्रियंवदा लोक कल्याण समिति रायपुर छ.ग. के उक्त पदाधिकारीगण संस्था को क्षति पहुँचाने उद्देश्य से कार्य कर रहे है। मेरे पक्षकार के द्वारा संस्था के पदाधिकारियों के विरुद्ध विधि विपरीत प्रस्ताव दिनांक 26/10/2024 के विरूद्ध पंजीयक फर्म्स एंड सोसायटी रायपुर के समक्ष अपील प्रस्तुत किया गया है, जो लंबित है । मेरा पक्षकार आज भी प्रियंवदा लोक कल्याण समिति रायपुर छ.ग. की विधिवत अध्यक्ष है। सचिव की ओर से प्रकाशित आम सूचना भ्रामक एवं विधि विपरीत है, जिसके विरूद्ध मेरे पक्षकार के द्वारा विधि अनुकूल कार्यवाही प्रारंभ की जा रही हैं।

अतः दिनांक 03/11/2024 को उपरोक्तानुसार प्रकाशित आम सूचना का खंडन किया जा रहा है।

रायपुर छ.ग.
दिनांक-

(दिव्यांश मिश्रा) अधिवक्ता
शिक्षक कॉलोनी डंगनिया रायपुर (छ.ग.)
मो.नं.-96300-63180

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 5298 दिनांक 16.06.2016 के द्वारा नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-29 में प्रकोष्ठ भवन क्रमांक- ई.डब्ल्यू. एस. फ्लैट, द्वितीय-तल-16/210, को श्रीमती गौतमा रंगारी पति श्री प्रदीप रंगारी, के नाम एकमुश्त आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा पंजीयन कार्यालय रायपुर से दिनांक 12/08/2016 को सेलडीड का निष्पादन करा लिया गया है। पूर्ण राशि जमा कर फ्लैट का आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है। वर्तमान में श्रीमती गौतमा रंगारी पति श्री प्रदीप रंगारी, निवासीः- मकान नं. 50, वार्ड नं. 10, एकता नगर, सेक्टर-2, गुडियारी रायपुर, जिला - रायपुर (छ.ग.) के द्वारा उक्त फ्लैट को क्रेता श्रीमती कुमारी ज्योति पति श्री कनिष्क देव नारायण, निवासीः- 7बी ए पी कालोनी निअर पावर ग्रिड के पास, गया सदर गया बिहार, पिन नं. 823001, को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः नवा रायपुर सेक्टर-29 में स्थित प्रकोष्ठ भवन क्रमांक - ई.डब्ल्यू. एस. फ्लैट, द्वितीय - तल - 16/210, के विक्रय के सबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्ध्दशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा । **संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी परियोजना नवा रायपुर अटल नगर जिला-रायपुर(छ.ग.)**

**शपथ-पत्र**

मैं विजय डहरिया, उम्र 39 वर्ष, पिता श्री टेकराम डहरिया, निवासी-छछानपैरी, बुढादेव चबुतरा वार्ड नं 17, छछानपैरी, रायपुर छ.ग. का निवासी हूँ, निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूँ-

1. यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्त अनुसार सत्य एवं सही है ।
2. यह कि, मेरे द्वारा मेरे स्वयं के आनलाईन में सही नाम विजय डहरिया परिवर्तन किये जाने बाबत एक आवेदन श्रीमान संचालक शासकीय क्षेत्रिय मुद्रणालय, राजनांदगांव छ.ग. के समक्ष प्रस्तुत किया गया है, यह कि मेरे आधार कार्ड, परिचय पत्र, व बैंक खाता व अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम विजय डहरिया दर्ज है जो कि सत्य एवं सही है तथा मेरा आधार नं-7641 2025 2125 है।
3. यह कि, परंतु आनलाईन में मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम मनिन्दर डहरिया दिखाया जाता है, जो कि गलत है, जबकि मेरा आधार नंबर एक ही है।
4. यह कि, मैं आनलाईन में भी अपना सही नाम विजय डहरिया दर्ज करवाना चाहता हूं इस संबंध में विभाग की जो भी नियम व शर्ते होगी मुझे मान्य है।
5. यह कि उपरोक्त कथनों की सत्यता के समर्थन में यह शपथपत्र संबंधित अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर रहा हूँ।

शपथकर्ता

सत्यापन

मैं उपरोक्त शपथकर्ता सत्यापित करता हूँ कि शपथपत्र की कंडिका 01 से 05 में लिखी बातें सत्य एवं सही है अतः अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया हूँ ।

सत्यापनकर्ता

रायपुर छ.ग.
दिनांक- 06/11/2024

# नर्सिंग कालेजों में बीएससी की 4700 सीटें खाली, एडमिशन के लिए हरी झंडी का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पचास प्रतिशत न्यूनतम अंक से बेहद कम एडमिशन के बाद नर्सिंग कालेजों में खाली बची 47 सौ सीटों पर एडमिशन के लिए परसेंटाइल की बाध्यता समाप्त करने अनुमति का इंतजार है।

इसके लिए चिकित्सा शिक्षा संचालनालय द्वारा भारतीय नर्सिंग काउंसिल को चिट्ठी भेजी जा चुकी है। आईएनसी अगर दिए गए तर्कों को नकार देती है, तो कई निजी कालेजों में ताले लगने की नौबत आ जाएगी। भारतीय नर्सिंग काउंसिल द्वारा अपने नियम के अनुसार प्रवेश परीक्षा में 50 प्रतिशत न्यूनतम अंक प्राप्त करने वालों को बीएससी नर्सिंग में एडमिशन का पात्र किया गया था। इस आधार पर चिकित्सा शिक्षा संचालनालय स्ट्रे वैकेंसी राउंड के साथ नया पंजीयन के आधार पर एडमिशन की प्रक्रिया पूरी कर चुका है। करीब ढाई हजार सीटों पर ही एडमिशन हो पाया है और करीब 4700 सीटें बाकी हैं। इतनी बड़ी संख्या में सीट रिक्त होने की वजह से निजी कालेज प्रबंधन में हड़कंप मचा हुआ है और आईएनसी के नियम में संशोधन कराने वे जोड़ तोड़ में लगे हुए हैं।

उनके निवेदन पर चिकित्सा शिक्षा संचालनालय न्यूनतम अंक की बाध्यता समाप्त करने पत्र भेजकर नर्सिंग काउंसिल की सहमति का इंतजार कर रहा है। सूत्रों का कहना है कि अगर नर्सिंग काउंसिल अपने नियम में संशोधन के लिए तैयार नहीं होती है, तो कई निजी कालेज बंद होने की स्थिति में आ सकते हैं। राज्य में शासकीय कालेजों के साथ राज्य में सौ की संख्या में निजी कालेज हैं जो बीएससी नर्सिंग पाठ्यक्रम का संचालन करते हैं।

## चिकित्सा शिक्षा संचालनालय जीरो परसेंटाइल करने भेज चुका चिट्ठी

### इस सप्ताह अनुमति के आसार

चिकित्सा शिक्षा संचालक द्वारा अपने पत्र में खाली सीटों पर एडमिशन के लिए जिस तरह का हवाला दिया गया था, उससे आईएनसी द्वारा प्रवेश के लिए न्यूनतम अंक की बाध्यता समाप्त करने की अनुमति जारी करने की संभावना है। आईएनसी पिछले तीन-चार वर्षों से न्यूनतम अंक के नियम शिथिल करती है। माना जा रहा है कि इस सप्ताह जीरो परसेंटाइल से प्रवेश की अनुमति मिल सकती है। नर्सिंग पाठ्यक्रम में एडमिशन की अंतिम तारीख 30 नवंबर निर्धारित है।



### बाकी विषय में भी कम एडमिशन

बीएससी नर्सिंग के अलावा, एमएससी तथा पोस्ट बेसिक नर्सिंग पाठ्यक्रमों में भी पचास फीसदी सीटों पर ही एडमिशन हुआ है। इन विषयों में भी प्रवेश के लिए बनाए गए नियम में संशोधन की मांग उठ रही है। इसके लिए निजी नर्सिंग कालेज एसोसिएशन द्वारा चिकित्सा छत्तीसगढ़ शासन को पत्र प्रेषित किया गया था। इस आधार पर विभागीय स्तर पर अभिमत मांगा गया है।

## खबर संक्षेप

### महाराष्ट्र मंडल का दिवाली मिलन समारोह 9 को

**रायपुर।** महाराष्ट्र मंडल में 9 नवंबर को छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस और दिवाली पारिवारिक मिलन समारोह का आयोजन परंपरा से हटकर होगा। इस बार मनोरंजन की प्रस्तुतियों को जागरूकता एवं मार्गदर्शन वाले कार्यक्रमों से अपेक्षाकृत कम प्राथमिकता दी गई है। मुख्य समन्वयक श्याम सुंदर खंगन ने बताया कि हर बार नृत्य, संगीत, हास्य की प्रस्तुतियों वाले दिवाली पारिवारिक मिलन समारोह से बिल्कुल अलग आयोजन की रूपरेखा तय की गई है। कार्यक्रम की शुरुआत संत ज्ञानेश्वर स्कूल के प्रभारी परितोष डोनगांवकर के विशेष संबोधन से होगी, जिसमें हमारी लापरवाही और हड़बड़ी से होने वाले साइबर क्राइम की जानकारी दी जाएगी।

### निःशुल्क कोचिंग के लिए 20 तक आवेदन

**रायपुर।** राजीव युवा उत्थान योजना के तहत जिले के छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए निःशुल्क कोचिंग दिए जाने का प्रावधान है। इसमें सौ सीटों के लिए आवेदन मंगाया गया है। इसके लिए विद्यार्थियों को 20 नंवबर तक आवेदन करना होगा। इसमें अनुसूचित जाति के लिए 30, अनुसूचित जनजाति के लिए 50, अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 20 सीट आरक्षित की गई है। इसके अलावा वर्गवार 33 फीसदी सीट महिलाओं के लिए आरक्षित की गई है। इसमें विद्यार्थियों को एक हजार रूपए स्कॉलरशिप देने का भी प्रावधान है। विद्यार्थियों की न्यूनतम आयु 20 वर्ष व अधिकतम 30 वर्ष निर्धारित की गई है।

### प्रभातफेरी का स्वागत आज

**रायपुर।** गुरुनानक देव जयंती के पूर्व शंकरनगर वार्ड में निकलने वाली प्रभातफेरी का 7 नवंबर को पार्षद सुमनराम प्रजापति व वार्ड के रहवासी प्रात: 7 बजे पंचमुखी बालाजी मंदिर शंकर नगर सेक्टर 1 में स्वागत करेंगे। फूलों की वर्षा कर प्रभातफेरी में संगत का स्वागत करने वार्डवासियों को आमंत्रित किया गया है।

### दीपावली मिलन

**रायपुर।** रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के पुरानी बस्ती मंडल अंतर्गत महामाया मंदिर वार्ड स्थित दत्रात्रेय मंदिर परिसर में दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू सहित पार्टी के पदाधिकारी वार्ड पार्षद सहित कार्यकर्ता शामिल हुए।

### रखरखाव के अभाव में खराब हो रहे प्रारूप फार्म

# तहसील कार्यालय में कचरे की तरह पड़े है मतदाता फार्म



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने एवं संशोधित कराने के लिए आवेदन के रूप में मतदाता प्रारूप फार्म की आवश्यकता पड़ती है। मतदाता इस फार्म को भरकर ऑफलाइन जमा करता है या फिर ऑनलाइन आवेदन करते समय अपलोड करता है। लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान निर्वाचन आयोग द्वारा जिला प्रशासन के माध्यम से तहसील कार्यालयों को भी ये फार्म थोक में उपलब्ध कराए गए थे, ताकि वहां पहुंचने वाले मतदाता आसानी से फार्म लेकर तुरंत वहां आवेदन कर सकें, लेकिन चुनाव खत्म होने के बाद भी लाखों की संख्या में ये फार्म बच गए हैं, जो रखरखाव के अभाव में अब खराब हो रहे हैं। तहसील कार्यालय के कक्ष क्रमांक-7 मीटिंग हॉल में ये फार्म बंडलों में पिछले कई महीनों से कचरों के ढेर की तरह डंप पड़े हुए हैं। इनमें हजारों फार्म फट चुके हैं, वहीं कई बंडलों में धूल की परत तक बैठ चुकी है, जिसके कारण खराब हो रहे हैं। इधर इस मामले में तहसील कार्यालय के जिम्मेदार अधिकारी का कहना है कि इसकी जानकारी उन्हें नहीं है।

लोकसभा चुनाव के दौरान तहसील कार्यालय के मीटिंग हॉल में नया नाम जोड़ने, हटाने एवं संशोधन आदि कराने की सुविधा मतदाताओं को देने के लिए कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई थी। यह व्यवस्था विधानसभा चुनाव के दौरान भी की गई थी। इस व्यवस्था के तहत इस मीटिंग हॉल में सातों विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं के लिए अलग-अलग टेबल लगाया गया है, जिसमें बैठे कर्मचारी मतदाताओं की मदद करते और संबंधित प्रारूप फार्म को भराकर जमा कराते थे, ताकि जल्द से जल्द उन्हें उनका वोटर आईडी कार्ड भी मिल सके। विधानसभा चुनाव से की गई यह व्यवस्था अभी भी जारी है।

### लापरवाही की भेंट चढ़ रहे हजारों कीमत के फार्म

कचरों की तरह डंप पड़े फार्म की कीमत हजारों में बतायी जा रही है। इसकी छपाई से कार्यालय तक पहुंचाने में जो राशि खर्च की गई है, वह राशि अब अधिकारियों एवं कर्मचारियों की लापरवाही के कारण बर्बाद होती दिखाई दे रही है।

### चेक कराता हूं

मीटिंग हॉल में कौन से फार्म डंप पड़े हुए हैं, इसे चेक कराता हूं। चेक कराने के बाद ही पता चलेगा फार्म काम के हैं या फिर नहीं।

**- नंदकुमार चौबे,** एसडीएम, तहसील रायपुर

### 5 माह से डंप पड़े हुए मतदाता फार्म

लोकसभा चुनाव के दौरान तहसील कार्यालय को तीनों प्रारूप के आवेदन फार्म लाखों में जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा उपलब्ध कराया गया था। चुनाव खत्म होने के बाद बचे हुए फार्म को संभालकर रखा जाना था, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों सहित कर्मचारियों को बचे हुए फार्म की परवाह ही नहीं है, जिसके कारण ये फार्म खराब हो रहे हैं।

■ दो किस्तों में मिलेगा उपचार अवधि के छह हजार रुपए

# टीबी मरीजों को दोगुनी पोषण राशि योजना ट्रायल में, खाते में एक हजार आने करना होगा इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

उपचार अवधि के दौरान अतिरिक्त पोषण के लिए टीबी मरीजों को पांच सौ के बजाए एक हजार रुपए दिए जाने की योजना अभी ट्रायल पर है। इलाज कराने वाले मरीजों को इसके लिए कुछ दिन इंतजार करना पड़ सकता है।

विभाग मरीजों के खाते में दो किर्तों में छह हजार रुपए भेजेगा। इसके लिए लाभान्वित होने वालों की संख्या अपडेट करने का काम चल रहा है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के निर्देश पर राज्य में टीबी संक्रमित मरीजों को प्रदान की जाने वाली अतिरिक्त पोषण राशि को प्रतिमाह पांच सौ से बढ़ाकर एक नवंबर से एक हजार करने की घोषणा की थी। इसका लाभ अभी मरीजों को नहीं मिल पाया है। इलाज कराने वाले मरीजों के खाते में अभी पांच-पांच सौ रुपए ही भेजे गए हैं।

### उपचार अवधि के हिसाब से राशि


पोषण राशि में बढ़ोतरी एक नवंबर के बाद की गई है। इसके पूर्व उपचार कराने वाले मरीजों को एक हजार रुपए के हिसाब से उतनी ही रकम का भुगतान किया जाएगा जितने महीने उनकी इलाज की अवधि शेष है। जिनके इलाज के छह माह बीत चुके हैं, उन्हें राशि प्रदान नहीं की जाएगी।

### थोड़ा समय लगेगा

पोषण राशि के भुगतान की प्रक्रिया अभी ट्रायल बेस पर है। एक-दो जिलों में इसे लागू कर देखा जा है और सफलता मिलते ही इसे प्रदेशभर में लागू किया जाएगा। इसके लिए दस से पंद्रह दिन का वक्त लगने की संभावना है।

**- डॉ. खेमराज सोनवानी,** नोडल अफसर, क्षय नियंत्रण कार्यक्रम

# कलेक्टोरेट बिल्डिंग में सफाई का अभाव, पसरी गंदगी



**रायपुर।** कलेक्टोरेट बिल्डिंग में नियमित सफाई नहीं होने के कारण फैली गंदगी से अब हर कोई परेशान है। तीन मंजिला बिल्डिंग के ग्राउंड फ्लोर के 21 नंबर कक्ष के बगल सीढ़ियों के नीचे से लेकर सेकंड फ्लोर की सीढ़ियों तक जगह-जगह गंदगी पसरी हुई है। गंदगी के अलावा कई जगहों पर कंडम फर्नीचर पड़े हुए है, जिसके कारण सीढ़ियों से आना-जाना करने वाले कर्मचारियों सहित आम लोगों को भारी बदबू से परेशान होना पड़ता है।

यह हाल बिल्डिंग के मुख्य गेट से लगी सीढ़ियों का भी है, जहां जगह-जगह गंदगी पसरी हुई है।






## बिजनेस साइट

# सुराना भवन में आयोजित रेडीमेड सेल का छठ पूजा महा डिस्काउंट ऑफर



**रायपुर।** सुभाष स्टेडियम के पास, छोटापारा स्थित सुराना भवन में रेडीमेड सेल द्वारा एक अनोखी और आकर्षक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। इस विशेष आयोजन में छठ पूजा के अवसर पर ग्राहकों को 90% तक की छूट दी जा रही है। यह ऑफर रायपुर के इतिहास में अब तक का सबसे बड़ा डिस्काउंट ऑफर माना जा रहा है। संचालक ने बताया कि इस सेल में ग्राहकों को 750 से 1200 रुपये तक की जेंट्स टी-शर्ट्स मात्र 100 से 250 रुपये में, और लोअर व जीन्स 200 से 550 रुपये तक की कीमत पर मिल रहे हैं। इसके अलावा, लेडिस वेस्टर्न कुर्तियां और टॉप्स भी बेहद कम दामों में उपलब्ध हैं। जैसे, 600 से 950 रुपये तक की लेडिस कॉटन फैंसी वेस्टर्न कुर्तियां 50 से 350 रुपये में, और लेडिस वेस्टर्न टॉप्स व जीन्स 100 से 350 रुपये तक में मिल रहे हैं।

# पायलट बोले- आने वाले विस चुनाव का ट्रेलर यह उपचुनाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश कांग्रेस प्रभारी सचिन पायलट ने कांग्रेस भवन में संवाददाताओं से चर्चा में रायपुर दक्षिण के चुनाव के संदर्भ में कहा कि रायपुर दक्षिण उपचुनाव को लेकर जिस तरीके से भाजपा अपना प्रचार प्रसार कर रही है, यह भाजपा के डर को दर्शाता है। भाजपा ने सीमित तरीके से राजनीति की है। तेरा मेरा किया, विधायक को सांसद बनाया सांसद को विधायक बनाए। आने वाले विधानसभा चुनाव का ट्रेलर यह उपचुनाव है, जो संकेत मिल रहे हैं और लोगों से चर्चा की जा रही है, तो पार्टी के लिए पॉजिटिव है।

उन्होंने भाजपा सांसद के बयानों पर पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुये कहा, बृजमोहन अग्रवाल अपने प्रचार में कह रहे हैं दक्षिण को मिलेंगे दो विधायक एक सुनील सोनी और दोबारा बृजमोहन अग्रवाल, मामले में सचिन पायलट ने कसा तंज कि जब वह विधायक बने थे, तो पद छोड़कर क्यों भागे? अब टिकट किसको मिला, यह उनका अंदरूनी मामला है, लेकिन तुलना करना चाहिए कैंडिडेट और पार्टी की। सांसद बन गए हैं, वही रहें।



### जनता का काम न करें तो गड्ढा बन जाता है

पत्रकारों के सवालो का जवाब देते हुये उन्होंने कहा, कोई क्षेत्र किसी का गढ़ नहीं होता। भाजपा के बड़े दिग्गज नेता अयोध्या की बात करते थे। राम मंदिर बनाया, लेकिन वहां से हार गए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 6 लाख वोटो से पहले जीते थे। अब डेढ़ लाख वोटो पर आ गए। कितना भी बड़ा गढ़ हो जब जनता के काम ना करे तो गड्ढा बन ही जाता है।

### महिला स्वराज अभियान का शुभारंभ

प्रदेश कांग्रेस प्रभारी सचिन पायलट ने युवा कांग्रेस द्वारा महिलाओं की पंचायत चुनावों में सक्रिय भागीदारी के लिये चलाये जा रहे अभियान महिला स्वराज अभियान का भी शुभारंभ किया। उन्होने कहा, राहुल गांधी की सोच है कि महिलाओं को कैसे आगे बढ़ाना है। ग्राउंड लेवल से लेकर पार्लियामेंट तक जो महिलाएं इच्छुक है चुनाव लड़ने की उनके लिए है यह अभियान है।





पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411



हरिभूमि लाइव
रायपुर, गुरुवार 7 नवंबर 2024
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937



02 आम की लकड़ी से मिट्टी के चूल्हे पर गुड़...

## सिटी इवेंट

# चिकित्सकों ने सजाई फूलों की रंगोली, लक्की ड्रॉ में जीते इनाम



**रायपुर।** मेडिकल कॉलेज के चिकित्सा शिक्षकों ने महाविद्यालय में दीपावली मिलन समारोह का पारंपरिक सादगीपूर्ण आयोजन किया। मेडिकल टीचर्स एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित इस समारोह में महाविद्यालय के 110 वरिष्ठ एवं कनिष्ठ चिकित्सा शिक्षकों ने भाग लिया। महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. विवेक चौधरी ने सभी फैकल्टी मेम्बर्स को दीपोत्सव की बधाई दी। मेडिकल टीचर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ.अरविन्द नेरल ने कहा, ऐसे आयोजन भारतीय उत्सव परंपरा को जीवंत बनाए रखते हैं और ये आपसी मेल-मिलाप और आपसी भाई-चारे के सुअवसर होते हैं।

### जलाए गए बगैर आवाज वाले पटाखे

इस अवसर पर लक्ष्मीपूजन का विधिवत आयोजन किया गया था और पैथोलॉजी विभाग के स्नातकोत्तर छात्राओं द्वारा रंगों और फूलों की खुबसूरत रंगोलियां बनाई गई थीं। सभी चिकित्सा शिक्षकों ने बिना आवाज वाले पटाखे चलाए और आनंद लिया। इस आयोजन में लक्की ड्रॉ के माध्यम से पांच भाग्यशाली चिकित्सा शिक्षकों को आकर्षक उपहार प्रदान किए गए। इनमें डॉ.निकिता शेरवानी, डॉ.वर्षा पाण्डेय, डॉ.नमिता श्रीवास्तव, डॉ.दीप्ति चन्द्राकर और नूतन ढाबरे शामिल रहे। एसोसिएशन की सचिव डॉ.जया लालवानी, डॉ. संतोष सोनकर, डॉ.एसबीएस नेताम, डॉ.देवप्रिय लकरा, डॉ.मंजू सिंह, डॉ.ज्योति जायसवाल सहित अन्य चिकित्सा शिक्षक शामिल रहे।

## आराधना

# ज्ञान से ही मोक्ष का वरण इससे सौभाग्य और लाभ



**रायपुर।** लाल गंगा पटवा भवन, टैगोर नगर में चातुर्मासिक प्रवास अंतर्गत मुनि सुधाकर व मुनि नरेश कुमार के सान्निध्य में ज्ञान पंचमी पर विशेष कार्यशाला व अनुष्ठान का आयोजन किया गया। जिसमें मुनिश्री सुधाकर ने पंचमी तिथि में ज्ञान पंचमी तिथि के विशेष महत्व पर उपस्थित श्रावक-श्राविकाओं को बोधित किया। उन्होंने कहा कि जैन दर्शन अनुसार आठ कर्मों में पहला कर्म है ज्ञानावर्णीय कर्म। ज्ञानावर्णीय कर्म को क्षय करने का माध्यम स्वाध्याय है। ज्ञान के बिना जीवन अंधकारमय है। ज्ञान प्रकाशकर है, जिससे मोक्ष का वरण हो सकता है। ज्ञान लाभ और सौभाग्य की जननी है। ज्ञानी व्यक्ति अपने ज्ञान कौशल से लाभ व सौभाग्य को प्राप्त कर सकता है।

### पांच विशिष्ट मंत्रों का उच्चारण

मुनिश्री ने आगे कहा कि ज्ञानावर्णीय कर्म बंधन के छः कारण है- ज्ञान का दान नहीं करना, ज्ञान और ज्ञानी की असाधना करना, ज्ञान प्राप्ति पर व्यवधान उत्पन्न करना, ज्ञान और ज्ञानी को रोकना, ज्ञान और ज्ञानी के प्रति विद्वेष की भावना करना, ज्ञान और ज्ञानी में दोष खोजना। ज्ञान होने पर ज्ञान का अभिमान नहीं करना चाहिए बल्कि यह चिंतन करना चाहिए कि शुभ कर्मों के योग से मुझे यह सौभाग्य प्राप्त हुआ है। ज्ञान तो बांटने की वस्तु है। जितना बांटेंगे उतनी अभिवृद्धि होगी। उन्होंने उपस्थित श्रावक-श्राविकाओं को ज्ञान पंचमी पर पांच विशिष्ट मंत्रों का उच्चारण कराते हुए अनुष्ठान करवाया जिससे बुद्धि का विकास व अर्जन हो सके।

## लाइव इवेंट

# कवियों ने काव्य-पाठ से सबका मन मोह लिया



**रायपुर।** नवरंग काव्य मंच एवं जैन कवि संगम के संयुक्त तत्वावधान में सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में मंगलवार को काव्य संध्या अक्षर-दीप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रदेशभर से पधारे रचनाकारों ने अपनी काव्य प्रस्तुति से सार्थक संदेश दिया। साथ ही अपने काव्य-पाठ से सब का मनमोह लिया। इसी दौरान मुख्य अतिथि एम राजीव को अपने पिता स्व. एमएल राव की अंतिम इच्छा के अनुरूप उनका, अंबेडकर अस्पताल को देहदान करने के लिए नागरिक अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में कवि राजेश जैन 'राही', डॉ माणिक विश्वकर्मा, शीलकांत पाठक, संजीव ठाकुर, डॉ रामकुमार बेहार के अलावा राकेश अग्रवाल, कुमार जगदलवी, छबिलाल सोनी, शिव शंकर गुप्ता, राजकुमार धर द्विवेदी, सनत कुमार जैन जगदलपुर, वीर अजीत शर्मा, आरडी अहिरवार, सफदर अली, अनिल श्रीवास्तव 'जाहिद' आदि शामिल थे।

### सभी रस की कविताएं

काव्य पाठ की खासियत यह रही कि इसमें सभी रस की कविताएं पढ़ी गईं। हास्य रस की कविताओं ने जहां माहौल को खुशनुमा बना दिया तो वहीं वीर रस की कविताओं ने देशभक्ति का रस घोल दिया। कवियों द्वारा पढ़ी गई रचनाओं में से कई ऐसी रही, जिसका पहली बार वाचन कवियों ने इस कार्यक्रम में किया। प्रत्येक प्रस्तुति के बाद तालियां भी गूंजती रहीं।



# रंग मलखंब का... जादू पवनदीप-अरूणिता का



नवा रायपुर में चल रहे छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस यानी राज्योत्सव के अंतिम दिन शाम ढलते ही युवाओं का ऐसा हुजूम उमड़ा कि पास व व्यवस्था को लेकर सारी तैयारी धरी की धरी रह गई। ऐसा होना भी लाजिमी था, क्योंकि इस अंतिम क्षण को यादगार बनाने के लिए मुंबई से लेकर बस्तर तक के मंजे हुए कलाकारों की बेजोड़ प्रस्तुति भी शानदार थी। अबूझमाड़ के युवाओं के साथ टीम में शामिल 6 साल सुरेश ने तो उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को दोबारा मंच पर जाने के लिए मजबूर किया।

**रायपुर।** राज्योत्सव के सांस्कृतिक मंच पर हर रात को यादगार बनाने के लिए मुंबई से बस्तर तक के कलाकारों ने पहले दिन से ही हर शाम को रंगीन बनाते हुए धूम मचाई। अंतिम दिन भी ये ही नजारा दिखाई दिया। इसमें हर संगीत प्रेमी जोश व जुनून के साथ नजर आया। इसका अंदाजा इससे भी लगा सकते हैं कि हर प्रस्तुति के बाद वन्स मोर... की गूंज सुनाई दी। इसके साक्षी उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रदेश के राज्यपाल रमेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह के साथ डिप्टी सीएम अरूण साव बने। इनके हाथों विभिन्न क्षेत्र में प्रदेश का मान बढ़ाने वाले कृतियों को अलंकृत भी किया गया।

**राज्योत्सव का समापन : इससे जुड़े हर लम्हें को यादगार बनाने मची होड़**



### घूमाने ले जाएंगे दिल्ली

चर्चित शो इंडियाज गॉट टैलेंट के विनर रहे अबूझमाड़ के युवाओं और बच्चों ने छत्तीसगढ़ी व पंजाबी गीतों से सजे रीमिक्स गीतों पर मलखंभ का ऐसा प्रदर्शन किया कि कार्यक्रम देख रहे उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ दोबारा मंच पर जाने से खुद को नहीं रोक पाए।उन्होंने स्टेज पर जाने के बाद टीम के सबसे छोटे बच्चे सुरेश को गोद में उठा लिया। इसके बाद सांसें रोक देने वाली प्रस्तुति की भी जमकर सराहना की। उन्होंने बच्चों को इस प्रदर्शन के लिए बधाई देते हुए कहा कि आप सभी को दिल्ली घूमाने ले जाएंगे। वहां संसद भवन, वार मेमोरियल, पीएम संग्रहालय दिखाएंगे।

### दोहराने पड़े गाने

अनुराग स्टार नाइट में अनुराग शर्मा एंड ग्रुप ने आते ही कैसा जादू है मेरे बस्तर में... की प्रस्तुति से ऐसा रंग जमाया कि दर्शक दीर्घा में मौजूद हर युवा झूम उठा। बस्तरिया गीत-संगीत का क्रम भी करीब 15 से 20 मिनट चला। इस बीच 'कैसा जादू है मेरे बस्तर में' एलबम के पांच में से तीन गानों की लाइव परफॉरमेंस दी। इस बीच दर्शक वन्स मोर... का शोर मचाते रहे। गाने को दोबारा गाने के बाद वे विदा हुए। इसके बाद चर्चित टीवी शो इंडियन ऑइडल सीजन-12 से सुर्खियां बटोरने वाले पार्श्व गायिका अरूणिता ने अपने विशेष अंदाज में एंट्री मारी और फिर गीतों का दौर शुरू हुआ।

### ...तो माफ नहीं करेंगे छग निवासी

*गायिका अरूणिता ने आते ही अगर तुम साथे हो.., लग जा गले कि ये हंसी.., ये दिल तुम बिन कही लगता नहीं... सहित बैक टू बैक चार गाने गाए। इसके बाद दर्शक से विदा लेकर जाने के बाद फिर स्टेज पर लौटी और क्षमा मांगते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ आई हूं, जो प्रभु राम का ननिहाल है, यहां अगर अपनी आवाज में उनसे जुड़ा गीत नहीं गाया तो छत्तीसगढ़ के लोग मुझे कभी माफ नहीं करेंगे। इसके बाद ठुमक चलत रामचन्द्र बाजत बैजनियां...की बेजोड़ प्रस्तुति देते हुए लोगों को दिल जीत लिया। इसके बाद पवनदीप ने आते ही सुरीली आवाज का ऐसा जादू चलाया कि लोग झूम उठे। उन्होंने तड़प तड़प के इस दिल से.., जो तुम न होते तो... जैसे गीतों की श्रृंखला सजाई। इनके हर गीत को लोगों ने पसंद भी किया।*











### उप राष्ट्रपति के स्नेह से अभिभूत हुए बच्चे

*साथ ही उन्होंने टीम को लीड करने वाले मनोज प्रसाद को दिल्ली के नवनिर्मित संसद में टीवी साक्षात्कार कराने की बात भी कही। उप राष्ट्रपति के स्नेह से बच्चे भी अभिभूत हुए। उन्होंने कहा कि यह हमारे लिए बहुत खुशी का क्षण है कि हमें दिल्ली जाकर देश के भव्य स्मारकों को देखने के लिए आमंत्रण मिला है। उप राष्ट्रपति की विदाई के बाद मलखंभ के कलाकारों दोगुने ऊर्जा के साथ एक बार फिर स्टेज पर आए और फिर प्रस्तुति से प्रोग्राम को गति दी। इसकी हर प्रस्तुति को लोगों ने सराहा। यह सिलसिला करीब बीस मिनट तक चला। इसके बाद फिर से संगीत का दौर चला।*

## सिटी लाइव

# आयुष विवि करेगा सिकल सेल प्रभावितों की खोज, होगी रिसर्च



**रायपुर।** सीएसआईआर अर्थात सेंटर फॉर सेल्यूलर एंड मॉलेक्यूलर बायोलॉजी बायोलॉजी और आयुष विवि ने सिकल सेल एनीमिया के जेनेटिक टेस्टिंग और रिसर्च के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इसके माध्यम से छत्तीसगढ़ में सिकल सेल एनीमिया से निपटने के लिए उन्नत जेनेटिक रिसर्च और टेस्टिंग की जाएगी। विवि प्रबंधन के अनुसार, यह समझौता सिकल सेल एनीमिया के बेहतर समझ, पहचान और रोकथाम के उद्देश्य से किया गया है। इसमें जेनेटिक टेस्टिंग और कैरियर एनालिसिस शामिल है, जो सिकल सेल टेस्ट से प्रभावित लोगों की पहचान में सहायक होगा। इससे जोखिम वाले व्यक्तियों के लिए महत्वपूर्ण जानकारी उपलब्ध होगी और स्वास्थ्य सेवा के परिणामों में सुधार होगा।

### छात्रों को मिलेगा नवीनतम ज्ञान

आयुष विवि के अनुसार, इस समझौते के माध्यम से सिकल सेल एनीमिया की शुरूआती पहचान को बढ़ावा मिलेगा, जिससे स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं को इस आनुवांशिक विकार को बेहतर तरीके से समझने और समाधान करने में मदद मिलेगी। फैकल्टी, शोधकर्ता और छात्रों का आदान-प्रदान दोनों संस्थान आपस में कर सकेंगे। संयुक्त सेमिनार, कार्यशालाएं और प्रिशक्षण कार्यक्रम दोनों संस्थान संयुक्त रूप से करेंगे। इसमें जेनेटिक डिसऑर्डर, सेल्यूलर और मॉलेक्यूलर बायोलॉजी और सार्वजनिक स्वास्थ्य जैसे विषय शामिल रहेंगे। विवि के कुलपति डॉ. प्रदीप कुमार पात्र ने कहा, हम साथ मिलकर अपने स्वास्थ्य सेवा पेशेवरों और छात्रों को नवीनतम ज्ञान और कौशल प्रदान करेंगे।

## कैंपस लाइव

# छठ आधारित लोकगीतों के जरिए याद की गई गायिका शारदा सिन्हा



**रायपुर।** छठ महापर्व के अवसर पर कमलादेवी संगीत महाविद्यालय में विशेष कार्यक्रम रख गया। संगीत विभाग द्वारा लोक गायन की प्रख्यात गायिका और पद्मभूषण से सम्मानित स्व.शारदा सिन्हा की स्मृति में यह भावपूर्ण सांगीतिक कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने शारदा सिन्हा के प्रसिद्ध गीतों का मनमोहक प्रस्तुतीकरण किया, जिससे माहौल में भक्ति और लोक संगीत की गरिमा और भी बढ़ गई। विद्यार्थियों ने 'पटना से बैदा बुलाए दा', 'पहिले पहिल हम कईनि', 'कोयल बिन बगिया ना सोहे राजा' और 'दुखवा मिटाई छठी मईया' जैसे गीत प्रस्तुत किए, जिनकी मिठास और भावपूर्ण धुनों ने श्रोताओं को छठ महापर्व की पारंपरिक धरोहर से जोड़ दिया।

### लोक संस्कृति को जीवित रखना आवश्यक

ममता पटेल, अजय मिश्रा, नितिन लुनिया, भगवती, प्रीति साहू, श्रुति बिस्वास, महेश, और निखिल सोनी सहित संगीत विभाग के छात्र-छात्राओं ने इस विशेष प्रस्तुति में भाग लेकर लोक गायिका के योगदान को याद किया और उन्हें अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को लोक संगीत की महत्ता से परिचित कराना और लोक संस्कृति को जीवित रखना था। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों और शिक्षकों ने एक स्वर में शारदा सिन्हा को नमन करते हुए उनके लोक संगीत में योगदान को सराहा।

## एजूकेशन अपडेट

# एमएड स्पेशल एजूकेशन के लिए आवेदन आज से



**रायपुर।** पं.रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा दिसंबर-जनवरी में आयोजित की जाने वाली सेमेस्टर परीक्षाओं के लिए तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। विवि द्वारा बीए, बीकॉम, बीएससी की सेमेस्टर परीक्षाओं के लिए पहले ही आवेदन तिथि घोषित की जा चुकी है। अब रविवि ने कई अन्य परीक्षाओं के लिए तिथियों की घोषणा कर दी है। रविवि द्वारा एमएड स्पेशल एजूकेशन की सेमेस्टर परीक्षाओं के लिए परीक्षा फॉर्म भरे जाने संबंधित अधिसूचना बुधवार को जारी की गई। इसके मुताबिक, आवेदन 7 नवंबर से प्रारंभ होंगे।

### 21 नवंबर से देना होगा 100 रुपए विलंब शुल्क

*छात्रों को 20 नवंबर तक का समय परीक्षा फॉर्म भरने के लिए मिलेगा। इसके बाद 21 से 25 नवंबर तक का समय 100 रुपए विलंब शुल्क के साथ छात्रों को दिया जाएगा। इसके साथ ही बीवॉक के लिए भी रविवि ने नोटिफिकेशन जारी किया है। इसके लिए भी 20 नवंबर तक सामान्य शुल्क के साथ तथा लेट फीस के साथ 25 नवंबर तक आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। विस्तृत अधिसूचना रविवि की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है।*

● कल उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ संपन्न होगा छठ व्रत, परिवार के सदस्यों ने भी किया मीठा भोजन

# आम की लकड़ी से मिट्टी के चूल्हे पर गुड़, दूध व कच्चा चावल मिलाकर पकाया 'रसियाव', मिट्टी के तवे पर बनाई गई रोटी

नहाय-खाय के बाद बुधवार को खरना किया गया। व्रती महिलाओं ने आम की लकड़ी से मिट्टी के चूल्हे पर रसियाव (गुड़, दूध और कच्चा चावल) पकाया। इसके बाद मिट्टी के तवे पर रोटी बनाई। रसियाव रोटी का छठी मईया को भोग लगाकर प्रसाद ग्रहण किया। इसी के साथ 36 घंटे का निर्जला व्रत शुरू हो गया। महापर्व में तीसरे दिन संध्या अर्घ्य होगा। इसमें व्रती महिलाएं अस्ताचल सूर्य को अर्घ्य देंगी। ये व्रत शुक्रवार को उगते सूर्य को अर्घ्य देने के बाद संपन्न होगा। व्रती महिलाओं के साथ ही परिवार के सदस्यों ने भी मीठा भोजन ग्रहण किया।

**रायपुर।** बृहस्पतिवार को अस्ताचल सूर्य की संध्या आरती के समय व्रती महिलाएं घाटों पर सूर्य को अर्घ्य देंगी। गौरतलब है कि कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को सूर्यास्त के बाद खरना करने का विधान है। समितियों ने घाटों की तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया है। छठ घाटों को सजाकर भव्य रूप दिया गया है। छठ घाटों पर गंगाजल युक्त जल का छिड़काव किया गया। साथ ही गाय के गोबर से जमीन की लिपाई की गई। कई घाटों पर चूने व प्राकृतिक रंगों से सुंदर पेंटिंग भी की गई है।



### महादेव घाट में आज सांस्कृतिक कार्यक्रम

छठ महापर्व महादेव घाट के आयोजन समिति द्वारा गुरुवार की शाम 6 बजे से भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमें देशभर के विभिन्न स्थानों से लोक गायक व कलाकार शामिल होने जा रहे हैं। इसमें मुंबई की अंतर्राष्ट्रीय लोक गायिका कल्पना पटवारी, लखनऊ की लोक गायिका गायत्री यादव, मुंबई से गायिका प्रणिता राव पटनायक, प्रदेश के लोक गायक दुकालू यादव, प्रयागराज से अंतर्राष्ट्रीय नृत्य नाटिका एवं झांकी समूह सोनाली तरुण चोपड़ा और छत्तीसगढ़ से गायक अमित रघुवंशी की प्रस्तुति होगी।



### डूबते सूरज को अर्घ्य देने से पहले श्रृंगार

आज व्रती महिलाएं सूर्य देव को अर्घ्य देने घाट किनारे एकत्र होंगी। जिसके पहले महिलाएं मेंहदी, आलता, सिंदूर, चुड़ी व नवीन पोशाक धारण करती हैं। मान्यता के अनुसार छठ पूजा में व्रती महिलाओं को पूजा के दौरान नए वस्त्र व पूजन सामाग्री का उपयोग करना शुभ माना जाता है। इसके पूर्व बुधवार को घर की महिलाएं आपस में मिलकर पूजा व उपासना करती नजर आईं। उन्होंने छठी माता की भजनों व पूजन से खरना के रस्म की शुरुआत की। इस अवसर पर भी महिलाएं पूर्ण रुप से सोलह श्रृंगार कर नजर आईं।



### प्रातः 11.47 से रवि योग

छठ पूजा का तीसरा दिन आज है। आज छठ पूजा का संध्या अर्घ्य है। संध्या अर्घ्य के समय में रवि योग बना रहेगा। आज कार्तिक शुक्ल षष्ठी तिथि, पूर्वाषाढा नक्षत्र, धृति योग, कौलव करण, दक्षिण का दिशाशूल और धनु राशि का चंद्रमा है। गौरतलब है कि छठ पूजा के तीसरे दिन व्रती पूरे समय निर्जला व्रत रखते हैं। शाम के समय में जब सूर्य देव अस्त हो रहे होते हैं तो उस वक्त उनको अर्घ्य देते हैं और छठी मैया की पूजा करते हैं। इसे छठ पूजा का संध्या अर्घ्य कहा जाता है। व्रती जल में खड़े होकर सूर्य देव को जल अर्पित करते हैं। इस दौरान बांस के सूप में प्रसाद, फल आदि रखकर अर्घ्य देते हैं। इस दिन रवि योग सुबह 11:47 से बन रहा है, जो पूरे दिन रहेगा। रवि योग में भगवान सूर्य का प्रभाव अधिक होता है, जिससे सभी प्रकार के दोष दूर होते हैं।

# अध्यात्म ही व्यक्ति की समस्या का समाधान

**रायपुर।** शंकर नगर स्थित बीटीआई ग्राउंड में प्रबुद्धजन सम्मेलन बुधवार को रखा गया। इसके अंतर्गत 'समस्या मार्गदर्शन' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एक दिवसीय कार्यक्रम में दक्षिण भारत के पीठाधीश्वर जगद्गुरु रामानंदाचार्य स्वामी नरेंद्राचार्य की उपस्थित रही। जिनके दर्शन मात्र के लिए हजार से अधिक श्रद्धालुओं की भीड़ नजर आई। कार्यक्रम के दौरान प्रदेश के विभिन्न समाज संत भी उपस्थित रहे, जिन्होंने सम्मेलन में शिरकत की। संचालक बीजेपी नेता व अधिवक्ता सच्चिदानंद उपासने ने बताया, आयोजन का मुख्य उद्देश्य धर्मांतरण को रोकना रहा। इस अवसर पर समाज के प्रबुद्धजनों एवं संतों द्वारा धर्मांतरण विषय पर व्याख्यान दिया गया। जिसमें पीठाधीश्वर जगद्गुरु रामानंदाचार्य ने कहा, शासन को धर्मांतरण पर कठोर कानून व सजा का प्रावधान करने की आवश्यकता है। जिससे प्रदेश व देश में होने वाले धर्मांतरण को रोका जा सकता है। अध्यात्म ही व्यक्ति के समस्या का समाधान है।

### राजधानी में हुआ प्रबुद्धजन सम्मेलन, धर्मांतरण रोकने रखे विचार



### 300 साधकों ने प्राप्त की दीक्षा

ग्राउंड में आयोजित समारोह में भारी संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित रहे। जिसमें 300 साधकों ने साधक दीक्षा प्राप्त की। सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक आयोजित कार्यक्रम में 500 से अधिक लोगों ने समस्या विधान में हिस्सा लिया, जिसमें श्रद्धालुओं की समस्याओं का निवारण किया गया। छत्तीसगढ़ पीठ के प्रमुख घनश्याम माहेश्वरी ने बताया, आने वाले दिनों में पाटन स्थित ठकुराइन टोला में रामानंदाचार्य का शक्ति पीठ निर्माण कार्य संस्थान द्वारा प्रारंभ किया जाने वाला है।



### जियो और दूसरों की जीने में सहायता करो

कार्यक्रम के दौरान धर्मांतरण कर चुके 350 परिवारों का घर वापसी हुआ। जिन्हें रामानंदाचार्य स्वामी द्वारा गुरु मंत्र दिया गया। संबोधन में कहा, तुम जियो और दूसरों को जीने में सहायता करो, सपने में किसी का बुरा मत सोचो और प्रतिदिन एकाग्र मन से भक्ति करो। कार्यक्रम के दौरान संत युधिष्ठिर लाल महाराज, संत रामबालक दास महाराज, महंत वेद प्रकाश महाराज, संत राम स्वरूप दास महाराज सहित किन्नर आखाड़े की साध्वी सौम्या उपस्थित रहीं।

# आरआरबी ने एक्टिव किया मॉक टेस्ट लिंक, पर्चे इस माह

**रायपुर।** आरआरबी असिस्टेंट लोको पायलट भर्ती 2024 में आवेदन करने वाले उम्मीदवारों के लिए अपडेट है। रेलवे रिक्रूटमेंट सेल की ओर से परीक्षा की तैयारियों के लिए फ्री मॉक टेस्ट लिंक एक्टिव कर दिया गया है। अपनी परीक्षा तैयारियों को बेहतर बनाने और परीक्षा पैटर्न सहित अन्य जानकरी हासिल करने के लिए अभ्यर्थी निशुल्क मॉक टेस्ट दे सकते हैं और तैयारियों का जायजा भी ले कस्ते हैं। मॉक टेस्ट लिंक ऑफिशियल वेबसाइट पर एक्टिव है, जहां से आप इसे दे सकते हैं। आरआरबी असिस्टेंट लोको पायलट भर्ती परीक्षा का आयोजन देशभर में निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर 25 से 29 नवंबर तक किया जाएगा। यह एग्जाम कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट होगा। मॉक टेस्ट देने के लिए सबसे पहले आधिकारिक वेबसाइट पर विजिट करें। इसके बाद लॉग इन डिटेल दर्ज करके साइन इन बटन पर क्लिक करना होगा। इसके साथ ही मॉक टेस्ट के लिए दिया गया समय स्टार्ट हो जायेगा और छात्र मॉक टेस्ट दे सकते हैं।

### अग्निवीर की सिटी स्लिप अपलोड

*इंडियन एयर फोर्स की ओर से अग्निवीर वायु सेलेक्शन टेस्ट की परीक्षा की शुरुआत 16 नवंबर 2024 से की जाएगी। जिन भी उम्मीदवारों ने इस भर्ती के लिए आवेदन किया था उनके लिए एग्जाम सिटी स्लिप डाउनलोड के लिए उपलब्ध करवा दी गई है। एग्जाम सिटी स्लिप के जरिये अभ्यर्थी अपने परीक्षा शहर की जानकारी हासिल कर सकते हैं और उसी के अनुसार अपनी यात्रा की पूर्व तैयारी कर सकते हैं। एग्जाम सिटी स्लिप कैंडिडेट लॉग इन में जाकर डाउनलोड की जा सकती है।*

## राष्ट्रीय कैंसर जागरुकता दिवस आज : कम उम्र में भी अब खतरा

# 2024 में मिले 3524 नए मरीज, इनमें 10-15% को ब्रेस्ट कैंसर 20-23% सर्वाइकल तथा 25% मामले मुंह व गले से संबंधित

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** वर्तमान में विभिन्न बीमारियों के चलते व्यक्ति की आयु कम होती जा रही है। इसका एक मुख्य कारण जीवन शैली का बदलना भी है। 7 नवंबर को राष्ट्रीय कैंसर जागरुकता दिवस के रुप में मनाया जा रहा है। आंबेडकर अस्पताल से कैंसर रोग विशेषज्ञ चिकित्सक प्रदीप चन्द्राकर ने हरिभूमि से चर्चा कर रोग संबंधित विभिन्न जानकारी साझा की। उन्होंने कहा, बीते कुछ सालों में कैंसर मरीजों की संख्या में बढ़ोत्तरी देखने को मिली है।

2024 में लगभग 3,524 कैंसर के नए मरीजों का पंजीयन हुआ है। इसमें 10-15 प्रतिशत ब्रेस्ट कैंसर के मरीज, 20-23 प्रतिशत सर्वाइकल कैंसर के मरीज, 25 प्रतिशत मुंह एवं गला संबंधित कैंसर के मरीज हैं। आधुनिकता के दौर में जीआई कैंसर, लंग्स कैंसर युवाओं व महिलाओं में अधिक देखा जा रहा है। जिसका मुख्य कारण बदलते जीवन शैली को कहा जा सकता है। हालांकि नवीन तकनीकों की मदद से भारत में कैंसर रोग संबंधित कई उपचार उपलब्ध हैं, जिससे मरीजों का कम से कम समय पर इलाज संभव होने लगा है।

### अम्बेडकर अस्पताल के रेडियोथेरेपी विभाग में बीते 3 सालों में तेजी से बढ़े मामले

| साल | 2021 | 2022 | 2023 |
|---|---|---|---|
| पंजीकृत नए मरीज | 3153 | 3431 | 3683 |
| नए एवं पुराने मरीज | 48598 | 53083 | 50572 |
| भर्ती मरीजों की संख्या | 36982 | 39143 | 42476 |
| रेडियोथेरेपी मरीज | 26273 | 27613 | 25617 |

### अब 40 वर्ष से पूर्व ही कैंसर



कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ.जयेश शर्मा ने बताया, कुछ सालों पहले 40 से अधिक उम्र के लोगों को कैंसर रोग संबंधित बीमारी होती थी। लेकिन अब कम उम्र से ही यह समस्या देखने को मिल रही है, जिसमें महिलाओं की संख्या तेजी से बढ़ती नजर आ रही। प्रदेश और देश में महिलाओं को सबसे अधिक ब्रेस्ट कैंसर और गर्भाशय कैंसर की समस्या है। युवाओं व पुरुषों में मुंह का कैंसर और लंग्स कैंसर अधिक पाया जाता है। कैंसर रोग होने पर शरीर में बदलाव महसूस किया जा सकता है, जैसे शरीर में गाठ, वजन कम होना, घाव या छाला ठीक ना होना, भोजन खाने व बोलने में परेशानी खांसी ठीक ना होना यह शुरुआती लक्षण है।

### ग्रामीण महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर अधिक



कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ.यूसुफ मेमन ने बताया, ग्रामीण महिलाओं को अधिकतर सर्वाइकल कैंसर की समस्या रहती है, जिसका कारण कम उम्र में शादी करना है। वहीं शहरी महिलाओं में ब्रेस्ट व लंग्स कैंसर की समस्या बनी रहती है, जिसका कारण दिनचर्या में बदलाव है। बीते 5-7 सालों में पुरुषों के साथ-साथ महिलाओं को भी कैंसर रोग की समस्या होती जा रही है। इन दिनों यूथ को मुंह के कैंसर की समस्या हो रही, जिसका मुख्य कारण गुटका सेवन है। आधुनिकता के दौर में नवीन तकनीकों के मदद से कैंसर का उपचार संभव व सरल होता जा रहा। जिसमें कीमोथेरेपी और ब्रेकीथेरेपी की मदद से सरलता से उपचार किया जा रहा। मरीज को किस प्रकार का कैंसर है, कैंसर का स्टेज क्या है, शरीर में रोग कहां फैला है, जैसे अनेक जानकारी कम समय पर ही उपलब्ध हो जाती है।

## सिटी स्पोर्ट्स

### कूच बिहार ट्रॉफी में विकल्प का शतक और धनंजय की शानदार पारी



**रायपुर।** बी सी सी आई द्वारा मेंस अंडर 19 कूच बिहार ट्रॉफी 2024 का आयोजन बुधवार से शुरू हुआ। जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम का पहला चार दिवसीय मैच (06 से 09 नवंबर) सेक्टर-10, भिलाई में हरियाणा अंडर 19 टीम के विरुद्ध खेला गया। छत्तीसगढ़ अंडर-19 ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। छत्तीसगढ़ ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 81.3 ओवरों में 10 विकेट खोकर 269 रन बनाये। छत्तीसगढ़ की ओर से विकल्प तिवारी ने शानदार शतक लगाते हुये 132 रन बनाये, विकल्प ने प्रथम जाचक के साथ 81 रन तथा साहिल रजत शरीफ के साथ 75 रनों की साझेदारी की। प्रथम जाचक ने 43 रन तथा साहिल ने 38 रन बनायें। हरियाणा टीम की ओर से कनिष्क चौहान ने 5 विकेट एवं शम्मी ने 4 विकेट लिए। पहले दिन की समाप्ति तक हरियाणा ने 11 ओवर में 3 विकेट खोकर 23 रन बना लिये हैं। छत्तीसगढ़ की ओर से धनंजय नायक ने 3 विकेट प्राप्त किये। पहले दिन की समाप्ति तक छत्तीसगढ़ ने 246 रनों की बढ़त बना ली है।

### रणजी ट्रॉफी में अनुज ने बनाए 84 रन



**रायपुर।** बी.सी.सी.आई. द्वारा रणजी ट्रॉफी 2024-25 का आयोजन 11 अक्टूबर से चल रहा है। जिसमें ग्रुप डी में छत्तीसगढ़ की टीम का चौथा मैच (06-09 नवंबर) शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, रायपुर में रेलवे टीम के विरुद्ध खेला गया। पहले दिन बुधवार को रेलवे ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। छत्तीसगढ़ ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 85 ओवर में 3 विकेट खोकर 252 रन बना लिये है। छत्तीसगढ़ की ओर से अनुज तिवारी ने शानदार 84 रन तथा संजित देसाई ने नाबाद 70 रनों की पारी खेली। दोनों के मध्य तीसरे विकेट के लिये 104 रनों की साझेदारी हुयी। इसके अतिरिक्त आयुश पांडे ने 46 रन तथा ऋषभ तिवारी ने 31 रनों की पारी खेली। रेलवे की ओर से युवराज, आदर्श सिंह तथा प्रथम सिंह ने 1-1 विकेट प्राप्त किये। पहले दिन की समाप्ति तक छत्तीसगढ़ ने 3 विकेट के नुकसान पर 252 रन बना लिये हैं।

### बिजली कर्मियों की टेनीकोइट स्पर्धा में रायपुर रीजन ने बाजी मारी



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज की केंद्रीय क्रीडा एवं कला परिषद, केंद्रीय कार्यालय द्वारा अंतरक्षेत्रीय टेनीकोइट (महिला) प्रतियोगिता का आयोजन 5 नवंबर को किया गया। डंगनिया स्थित बैडमिंटन हॉल में प्रदेश के 5 क्षेत्रों के खिलाड़ियों ने प्रतिस्पर्धा में भाग लिया। जिसमें रायपुर रीजन विजेता एवं रायपुर सेंट्रल की टीम उप-विजेता रही। इसी के साथ-साथ 4 श्रेष्ठ खिलाड़ियों को अखिल भारतीय खेल प्रतियोगिता के लिए चयनित किया गया। इस अवसर पर प्रबंध निदेशक जनरेशन एस.के. कटियार, प्रबंध निदेशक ट्रांसमिशन राजेश शुक्ला, कार्यपालक निदेशक लाइन एवं अतिरिक्त प्रभार पी.सी एंड आर.ए. के.एस. मनोठिया, कार्यपालक निदेशक वित्त एम.एस. चौहान, कार्यपालक निदेशक प्रोजेक्ट ज्योति नंनौरे एवं छत्तीसगढ़ टेनीकोइट एसोसिएशन के सचिव संजय शर्मा आयोजन में उपस्थित थे।

केंद्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के तत्वावधान में वार्षिक खेल गतिविधियां आरंभ हो चुकी हैं जिसके तहत प्रथम बार टेनीकोइट (महिला) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रायपुर सेंट्रल, रायपुर रीजन, जगदलपुर, मड़वा एवं बिलासपुर की टीमों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। ऑब्जर्वर ऐश्वर्य पाठक ने चयनित खिलाड़ियों की सूची आयोजन समिति को सौंपी। महिला खिलाड़ी में विजेता टीम से यशोदा रावतिया, एलिस मैरी केरकेट्टा एवं उप-विजेता टीम से कल्पना पन्ना, उपासनी धांगड़ को अखिल भारतीय खेल प्रतियोगिता के लिए चुना गया। शीघ्र ही यह टीम गुवाहाटी में छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज का प्रतिनिधित्व करेगी। महिला खेल प्रभारी श्रीमती कल्पना ठाकुर ने इस खेल को खेल गतिविधियों में शामिल करने के लिए परिषद को सुझाव दिया था। यह ओलिंपिक स्तर का खेल है जिसे पहली बार छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज की महिलाओं ने खेला। आयोजन में रैफरी वरूण पाण्डेय, लाल बहादुर सोनकर, जयालक्ष्मी, लक्ष्मी नारायण साहू, संध्या वर्मा एवं शिवांशु केसरवानी को स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया।

### जरूरत से ज्यादा मीठा खाना नुकसानदेह, बीमारियों को है खुला निमंत्रण

# एक दिन में कितना मीठा खाना चाहिए, यह जानकर बच सकते हैं कई परेशानियों से

जिन चीजों को सबसे नुकसानदायक और गंभीर बीमारियों को बढ़ाने वाला पाया गया है- चीनी उनमें शीर्ष पर है। अब सवाल उठता है कि एक दिन में कितनी मात्रा में चीनी खा सकते हैं? अच्छी सेहत के लिए खान-पान पर विशेष ध्यान देना सबसे जरूरी माना जाता है। आप जो कुछ भी खाते हैं सेहत पर उसका सीधा असर होता है। जिन चीजों को सबसे नुकसानदायक और गंभीर बीमारियों को बढ़ाने वाला पाया गया है- चीनी उनमें शीर्ष पर है। अधिक चीनी खाने से टाइप-2 डायबिटीज, मेटाबॉलिज्म की समस्या, मोटापा और कई अन्य क्रोनिक बीमारियों के विकसित होने का खतरा रहता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, सभी लोगों को संयमित मात्रा में ही चीनी का सेवन करना चाहिए। वहीं जिन लोगों को डायबिटीज की बीमारी है उन्हें चीनी या इससे बनी किसी भी चीज से परहेज करने की सलाह दी जाती है।

अब सवाल उठता है कि एक दिन में कितनी मात्रा में चीनी खा सकते हैं, क्या बच्चों को बिल्कुल भी चीनी नहीं खाना चाहिए? आइए इस बारे में विस्तार से समझते हैं।



### चीनी खाने के हो सकते हैं कई नुकसान

चीनी हमारी सेहत के लिए कई प्रकार से नुकसानदायक है। ये पूरे शरीर के लिए दिक्कतें बढ़ाने वाली हो सकती है। चीनी में कैलोरी बहुत अधिक होती है और यह शरीर में वसा के रूप में जमा हो जाती है। ऐसे में अधिक चीनी के सेवन से वजन बढ़ने का खतरा हो सकता है। इसी तरह चीनी खाने से रक्त शर्करा के स्तर में तेजी से वृद्धि होती है और इंसुलिन संवेदनशीलता भी प्रभावित हो जाती है। टाइप-2 डायबिटीज के लिए इसे प्रमुख जोखिम कारक माना जाता है। इतना ही नहीं चीनी का अधिक सेवन रक्तचाप, कोलेस्ट्रॉल और ट्राइग्लिसराइड्स के स्तर को बढ़ाने, दिल की बीमारियों का भी कारण बन सकता है। चीनी में फ्रक्टोज होता है ऐसे में इसके अधिक सेवन से लिवर से संबधित बीमारियां हो सकती हैं।

### कई चीजों में छिपी होती है चीनी

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, आपको कितनी मात्रा में चीनी खानी चाहिए ये इस बात पर निर्भर करता है कि आप पूरे दिन में कितनी कैलोरी ले रहे हैं। आहार के माध्यम से किसी भी तरह से अधिक कैलोरी वाली चीजों से बचना चाहिए। कैंडी, जूस, कोल्ड ड्रिक्स में ऐडेड शुगर की छिपी मात्रा अधिक होती है, इसे सेहत के लिए और भी नुकसानदायक माना जाता है। फलों में प्राकृतिक शुगर होता है हालांकि उससे शरीर को ज्यादा नुकसान नहीं होता है।



### कितना चीनी खा सकते हैं?

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, पुरुषों को एक दिन में 37.5 ग्राम (लगभग 9 चम्मच) से अधिक चीनी नहीं खाना चाहिए। वहीं महिलाओं के लिए यह सीमा 25 ग्राम (लगभग 6 चम्मच) है। बच्चों के लिए उम्र के अनुसार चीनी की मात्रा अलग-अलग होती है, लेकिन आमतौर पर 20-25 ग्राम (लगभग 5-6 चम्मच) से अधिक सेवन सेहत के लिए नुकसानदायक हो सकता है।

### कैसे कर सकते हैं बचाव

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, चीनी का सेवन कम करने के लिए कुछ उपाय किए जा सकते हैं। इसके लिए मीठे पेय जैसे सोडा और एनर्जी ड्रिंक या कोल्ड ड्रिंक्स का सेवन बिल्कुल कम किया जाना चाहिए। प्रोसेस्ड फूड में भी चीनी अधिक हो सकती है इसलिए इसका सेवन कम करें। चीनी के स्वस्थ विकल्प जैस गुड़, खजूर आदि खाया जा सकता है। डायबिटीज के रोगी क्या खा सकते हैं क्या नहीं, इस बारे में जानने के लिए डॉक्टर की सलाह जरूर ले लें।

### घंटों बाद भी सॉफ्ट रहेगी पूड़ी

पूड़ी बनाने के लिए उसका आटा सही ढंग से गूंथा होना चाहिए। उसकी बनावट कुरकुरी होनी चाहिए। सही टेंपरेचर पर तली हुई होनी चाहिए और कई घंटों तक पूड़ी सॉफ्ट रहे, यह भी जरूरी है। हालांकि, पूड़ी को मुलायम बनाए रखना थोड़ा मुश्किल हो सकता है। अक्सर कुछ घंटों के बाद कुरकुरी पूड़ी सख्त हो जाती है। नरम, फूली हुई पूड़ी बनाने के लिए, आपको अपने आटे में दो मुख्य सामग्री डालनी चाहिए। वो चीजें क्या हैं, आइए इस लेख में जानें।

**पहली सामग्री दही**-पूड़ी के आटे में दही मिलाना एक पारंपरिक तरीका है जो आटे को नरम बनाता है और इसमें हल्का-सा टैंगी स्वाद भी जोड़ता है। दही की प्राकृतिक अम्लता और नमी आटे को हाइड्रेट करती है। साथ ही, आटे में मौजूद ग्लूटेन को तोड़ने में भी मदद करती है, जिससे इसकी बनावट नरम हो जाती है।

# राज्य स्तरीय टेबल टेनिस का रोमांच आज से रायपुर जिला टीम घोषणा के साथ दी टी-शर्ट

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ की ओर से 22 वीं स्टेट छत्तीसगढ़ राज्य एवं अंतर जिला टेबल टेनिस प्रतियोगिता-2024 का आयोजन 07 से 10 नवंबर तक सप्रे शाला टेबल टेनिस हॉल, बुढ़ापारा, रायपुर में किया जा रहा है। जिसमें 7 नवंबर को टीम वर्ग (सीनियर पुरुष एवं महिला/यूथ -19/जूनियर-17/ सब जूनियर-15/ कैडेट-13/होप्स-11 बालक एवं बालिका), 8 नवंबर को यूथ अंडर-17 (जूनियर) एवं यूथ अंडर-13 (कैडेट) एकल वर्ग (बालक/बालिका), 9 नवंबर को सीनियर (पुरुष/महिला) एवं होप्स (अंडर-11) एकल वर्ग (बालक/बालिका) तथा 10 नवंबर को यूथ अंडर-19 (यूथ) एवं यूथ अंडर-15 (सब जूनियर) एकल वर्ग (बालक/बालिका) की प्रतियोगिता होगी।




इस अवसर पर मुख्य अतिथि रायपुर उत्तर के पूर्व विधायक एवं छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के अध्यक्ष कुलदीप जुनेजा और अध्यक्षता कर रहे छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष शरद शुक्ला ने प्रतियोगिता के लिए रायपुर जिला टेबल टेनिस टीम (बालक एवं बालिका) की घोषणा की एवं एवं टीम को टीशर्ट का वितरण किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के उपाध्यक्ष प्रदीप जोशी, राजधानी टेबल टेनिस संघ, जिला रायपुर के सचिव विनय बैसवाड़े, कोषाध्यक्ष शिशिर गुप्ता, अंतर्राष्ट्रीय अंपायर प्रवीण निरापुरे और पी. एन. मजुमदार उपस्थित थे।



# एयर पॉल्यूशन के चलते बढ़ सकता है माइग्रेन


दिवाली के बाद से दिल्ली एनसीआर सहित देश के प्रमुख शहरों में प्रदूषण का स्तर दिन प्रतिदिन बिगड़ता ही जा रहा है। विशेषज्ञों की मानें तो राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गैस चैंबर में तब्दील हो गया है। एक्यूआई बहुत ही खराब श्रेणी में दर्ज किया जा रहा है। जहां इससे सांस लेने में परेशानी हो रही है वहीं इससे माइग्रेन भी ट्रिगर हो रहा है। अगर आप भी इन दिनों बाहर निकल रहे हैं और आपके सिरदर्द की शिकायत हो रही है तो इसकी जिम्मेदार खराब हवा हो सकती है। जी हां धुआँ और प्रदूषण माइग्रेन को ट्रिगर कर सकते हैं। ऐसे में आप इन उपायों को फॉलो करके माइग्रेन के दर्द से बच सकते हैं। डॉक्टर विभु कावत्रा इस बारे में जानकारी साझा कर रहे हैं।

### बढ़ते प्रदूषण में माइग्रेन ट्रिगर से बचने के उपाय

प्रदूषण हर तरह से मानव शरीर के लिए खतरनाक है। अगर आप माइग्रेन के मरीज हैं तो यह आपके लिए और भी समस्या पैदा कर सकता है। ऐसे में आप ज्यादातर समय घर में ही रहें। जब हवा सांस लेने योग्य हो तभी बाहर निकलें,इसे आप एप के जरिए या इंटरनेट से मॉनिटकर कर सकते हैं। अगर घर से निकलना बहुत ज्यादा जरूरी है तो ही निकलें। इसके लिए आप मास्क लगाकर ही घर से बाहर कदम रखें। जहां पर ट्राफिक ज्यादा है उस जगह पर जानें से



बचें, क्योंकि यहां पर हर तरह के पोलूटेंट होते हैं। इससे आप वायु प्रदूषण के चपेट में काम आएंगे। घर में एयर प्यूरीफायर का इस्तेमाल करें, क्योंकि पोल्यूटेंट घर में भी मौजूद होते हैं। यह एयर प्यूरीफायर हवा को शुद्ध रखेंगे। खिड़की दरवाजे बंद रखें, घर में स्मोकिंग करने से बचें। और सबसे अच्छा होगा कि आप घर में कुछ पेड़ पौधे लगाएं जो नेचुरल प्यूरीफायर का काम करेगा। टॉक्सिक हवा के संपर्क में रहने से शरीर में पानी की कमी हो सकती है, जिससे आपका माइग्रेन ट्रिगर हो सकता है। ऐसे में प्रदूषण के दौरान अधिक से अधिक पानी पिएं, आप नारियल पानी, शिकंजी और ओआरएस ज्यादा पिएं इससे शरीर हाइड्रेटेड रहेगी और सिर दर्द की संभावना कम हो। पॉल्यूशन में गर्म वातावरण में रहने से बचें,यह भी माइग्रेन ट्रिगर करता है। आप इस दौरान मेडिटेशन,योगा, डीप ब्रीदिंग करें, इससे स्ट्रेस कम होगा और सिर दर्द से बचाव होगा।

























## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## परदे पर फिर जमेगी रेनॉल्ड्स और ह्यू जैकमैन की जोड़ी



एमसीयू की फिल्म 'डेडपूल एंड वूल्वरिन' में रयान रेनॉल्ड्स और ह्यू जैकमैन साथ नजर आए। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर रही है। इस एक ऐसी खबर सामने आई है, जिसे सुनकर इन दोनों सितारों के फैंस खुश हो जाएंगे। दअरसल, रयान रेनॉल्ड्स एक फिल्म पर काम कर रहे हैं। इसमें वे अपने 'डेडपूल एंड वूल्वरिन' फिल्म के सह-अभिनेता ह्यू जैकमैन और निर्देशक शॉन लेवी के साथ काम करेंगे। यह मार्वल्स की फिल्म नहीं है। खुद रेनॉल्ड्स ने कहा है कि एमसीयू से इस फिल्म का कोई लेना-देना नहीं है। रयान रेनॉल्ड्स ने हाल ही में वैराइटी के साथ इंटरव्यू में अपनी योजनाओं के बारे में बातचीत की है। उन्होंने बताया कि वे करीब एक साल से फिल्म लिख रहे हैं। उन्होंने कहा, 'मैं एक साल से फिल्म लिख रहा हूं। ये फिल्म मैं अपने, ह्यू जैकमैन और शॉन लेवी के लिए लिख रहा हूं। हालांकि, यह मार्वल की फिल्म नहीं है'। फिल्म से जुड़ी अन्य जानकारी अभिनेता ने गुप्त रखी हैं। उनके विषय में अधिक ब्यौरा नहीं दिया है। हालांकि, अगले प्रोजेक्ट को लेकर उनके उत्साह ने जरूर कुछ संकेत दिए हैं। फिलहाल इस बारे में भी कोई जानकारी नहीं है कि किसी स्टूडियो की तरफ से इस प्रोजेक्ट को हरी झिंडी मिली है या नहीं। लेकिन, 'डेडपूल एंड वूल्वरिन' की सफलता को देखते हुए यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि यह हॉलीवुड की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक साबित होगी।

### टॉलीवुड

## कई बार टलने के बाद फिर हुआ 'थंडेल' की रिलीज डेट का ऐलान, नया पोस्टर भी जारी




'थंडेल' नागा चैतन्य की नई फिल्म है, जिस पर पिछले एक साल से काम चल रहा है। निर्माताओं ने शुरू में इस फिल्म को दशहरा के मौके पर रिलीज करने की योजना बनाई थी, लेकिन शूटिंग पूरी न होने के कारण चीजें बदल गईं। फिर, खबर आई कि निर्माताओं ने संक्रांति 2025 को रिलीज करने की योजना बनाई थी, लेकिन ऐसा नहीं हो सका क्योंकि कई बड़ी फिल्मों ने अपनी रिलीज की तारीख लॉन्च कर दी है। हालांकि, अब 'थंडेल' के निर्माताओं ने एक बार फिर फिल्म की रिलीज की तारीख का एलान कर दिया है।

निर्माताओं ने आखिरकार आज फिल्म रिलीज की तारीख तय कर दी है। नई अपडेट के अनुसार, 'थंडेल' अब 7 फरवरी, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। निर्माताओं ने एक प्रेस मीटिंग आयोजित की और रिलीज की तारीख की घोषणा की। इस अवसर पर फिल्म की पूरी कास्ट और क्रू मौजूद थी। साई पल्लवी इस फिल्म में मुख्य भूमिका निभा रही हैं और उन्हें इस एक्शन ड्रामा में अभिनय करने के लिए मोटी रकम दी गई है। इसके साथ निर्माताओं ने फिल्म का नया पोस्टर साझा करते हुए भी फिल्म की नई रिलीज डेट का एलान किया है। फिल्म के नए पोस्टर में नागा चैतन्य और साई पल्लवी एक दूसरे को गले लगाए हुए नजर आ रहे हैं। निर्माताओं ने कैप्शन में लिखा, 'प्यार के किनारे से भावनाओं से भरे सागर तक जाने के लिए तैयार हो जाइए। 'थंडेल' ग्रैंड रिलीज 7 फरवरी, 2025 को दुनिया भर में होगी।' नागा चैतन्य इस फिल्म में एक मछुआरे की भूमिका निभा रहे हैं और यह पहली बार है, जब वह एक ग्रामीण किरदार निभा रहे हैं। किरदार का आर्क बहुत बढ़िया है और उन्हें अभिनय करने का भरपूर मौका देता है। अल्लू अरविंद ने इस फिल्म का निर्माण 60 करोड़ रुपये के बजट पर किया है ।

### भोजपुरी

## पहली बार छठ कर रहीं अक्षरा यूजर्स ने उठाए कई सवाल



बुधवार 5 नवंबर से महापर्व माने जाने वाले छठ पर्व की शुरुआत हुई और इसका समापन 8 नवंबर को होगा। इस बार भोजपुरी अभिनेत्री अक्षरा सिंह भी छठ व्रत रख रही हैं। यह उनका पहला व्रत है। भोजपुरी अदाकारा और गायिका अक्षरा सिंह इस बार छठ पर्व मना रही हैं। अभिनेत्री पहली बार छठ व्रत कर रही हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए जानकारी दी है। वे निजी रूप से हर तैयारी खुद कर रही हैं। एक तरफ अक्षरा के फैंस इस बात से बेहद खुश हैं और उनका हौसला बढ़ा रहे हैं। वहीं, कुछ लोग उन पर सवाल उठा रहे हैं। अक्षरा को सीख दे रहे हैं कि 'हमारे यहां बिना शादी के लड़कियां छठ व्रत नहीं करती हैं'। अक्षरा सिंह ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट साझा की है। इसमें वे अपने प्रथम छठ व्रत के लिए तैयारी कर रही हैं। प्रसाद बनाने के लिए गेहूं धोती और सुखाती दिख रही हैं। इसके साथ कैप्शन लिखा है, 'पहले छठ की शुरुआत'। अक्षरा के इस पोस्ट पर कुछ यूजर्स लिख रहे हैं, 'हमारे यहां बिना शादी के कोई छठ पूजा नहीं करता है। आप बिना शादी के छठ पूजा क्यों कर रही हैं?' एक अन्य पोस्ट में अक्षरा ने लिखा है, 'आज तक देखा था, सुना था इस छठ मां के महान पर्व को। आज जब मैं खुद इस पर्व को एक व्रती बनकर कर रही हूं और छोटे-छोटे नियमों को सीख रही हूं तो कहीं डर, खुशी, उत्साह और जो भाव मैं महसूस कर रही हूं और मेरा दिल कह रहा है जय छठी मईया'।

नए दौर का रुझान

लाइफ स्टाइल



फ़ैशन डिज़ाइन काउंसिल ऑफ़ इंडिया के साथ साझेदारी में लैक्मे फ़ैशन वीक का 49वाँ संस्करण हाल ही में मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में पाँच दिनों तक चला। यह कार्यक्रम भारत के फ़ैशन डिज़ाइनरों के बेहतरीन काम को प्रदर्शित करने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता है, जो 2024 सीज़न के लिए रुझानों की एक झलक पेश करता है।

## आपकी त्वचा को निखारेंगे उबटन,जानें तरीका

अपनी त्वचा को सवांरने के लिए उबटन का इस्तेमाल करती हैं। जरूरी है कि इसे बनाने का सही तरीका सीखें

### हल्दी और बेसन का उबटन


ये उबटन बनाने के लिए 2 चम्मच बेसन, एक चुटकी हल्दी, 1 चम्मच दूध या दही, और कुछ बूंदे गुलाब जल की जरूरत पड़ेगी। इसे बनाने के लिए इन सभी चीजों को मिलाकर पेस्ट बना लें और चेहरे पर लगाएं। सूखने के बाद हल्के हाथों से मलते हुए पानी से धो लें। यह उबटन दाग-धब्बों को कम करता है, रंगत को निखारता है।

### चंदन और गुलाब जल का उबटन

दूसरा उबटन बनाने के लिए 1 चम्मच चंदन पाउडर, कुछ बूंदे गुलाब जल का इस्तेमाल करें। इसे तैयार करने के लिए चंदन पाउडर में गुलाब जल मिलाकर पेस्ट बना लें और चेहरे पर लगाएं। 15 मिनट बाद धो लें। चंदन त्वचा को ठंडक पहुंचाता है और गुलाब जल से त्वचा को ताजगी और चमक मिलती है।

### बादाम और दूध का उबटन

इसे तैयार करने के लिए आपको 5-6 भिगोए हुए बादाम, 1 चम्मच दूध की जरूरत पड़ेगी। इसे बनाने के लिए सबसे पहले भीगे हुए बादाम को पीसकर पेस्ट बना लें और उसमें दूध मिलाकर चेहरे पर लगाएं। 20 मिनट बाद हल्के हाथों से मसाज कर धो लें। यह उबटन त्वचा को मुलायम और चमकदार बनाता है।



### मुल्तानी मिट्टी और खीरे का रस का उबटन

चौथा उबटन बनाने के लिए 1 चम्मच मुल्तानी मिट्टी और 1 चम्मच खीरे का रस का इस्तेमाल करें। इसके लिए दोनों को मिलाकर पेस्ट बना लें और चेहरे पर लगाएं। सूखने के बाद धो लें।

### ओट्स और शहद का उबटन

इसे तैयार करने के लिए 1 चम्मच ओट्स पाउडर, 1 चम्मच शहद और कुछ बूंदे नींबू का रस इस्तेमाल करें। उबटन बनाने के लिए सबसे पहले इन सभी को मिलाकर पेस्ट बना लें और चेहरे पर सर्कुलर मोशन में मसाज करें। 15 मिनट बाद पानी से धो लें। यह उबटन त्वचा को एक्सफोलिएट कर साफ करता है।

## सेलेब्स जैसा लुक पाने वियर करें लेटेस्ट डिजाइंस की ओम्ब्रे साड़ियां





फैशन

शादी में पहनने के लिए साड़ी आपको कई सारे कलर और डिजाइन ऑप्शन के साथ मिल जाएंगी। जिन्हें आप सस्ते दाम में मार्केट से खरीद सकती हैं। लेकिन, अगर आपको शादी में सेलेबस जैसा लुक चाहिए तो आप ये ओम्ब्रे साड़ी वियर कर सकती हैं। हम आपको कुछ लेटेस्ट डिजाइंस वाली ओम्ब्रे साड़ियां दिखा रहे हैं जो आप शादी में वियर कर सकती हैं। वहीं हम आपको इन्हें स्टाइल करने का तरीका भी बताएंगे जो सेलेबस जैसा लुक पाने के लिए परफेक्ट हो सकते हैं।

### एम्ब्रॉयडरी ओम्ब्रे साड़ी

शादी में सेलेबस जैसा लुक पाने के लिए आप इस तरह की ओम्ब्रे साड़ी का चुनाव कर सकती हैं। इस साड़ी में एम्ब्रॉयडरी वर्क किया है साथ ही लाइट कलर में है। इस तरह की साड़ी आप शादी में पहन सकती हैं और इस तरह की साड़ी को आप 1,500 से 2,000 रुपये में खरीद सकती हैं। इस साड़ी के साथ आप हाफ या स्लीवलेस ब्लाउज के साथ स्टाइल कर सकती हैं साथ ही ज्वेलरी में आप चोकर स्टाइल कर सकती हैं। एम्ब्रॉयडरी वर्क में आप इस तरह की साड़ी का चुनाव कर सकती हैं जो न्यू लुक पाने के लिए एक दम परफेक्ट ऑप्शन बन सकती है।

### मिरर वर्क ओम्ब्रे साड़ी

रॉयल लुक के लिए आप इस तरह की मिरर वर्क साड़ी का चुनाव कर सकती है। यह साड़ी सिल्क फैब्रिक में है और इस साड़ी में बेहद ही खूबसूरत मिरर वर्क किया हुआ है। इस साड़ी को आप ऑनलाइन और ऑफलाइन लेकर शादी में रॉयल लुक पाने के लिए स्टाइल कर सकती हैं। यह साड़ी आपको 2,000 से 3,000 रुपये की कीमत में मिल जाएंगी। इस साड़ी के साथ आप मिरर वर्क ज्वेलरी साथ ही फुटवियर में फ्लैट्स पहन सकती हैं।

### स्टोन वर्क ओम्ब्रे साड़ी

यह स्टोन वर्क ओम्ब्रे साड़ी भी आप शादी में स्टाइलिश लुक पाने के लिए वियर कर सकती हैं। इस साड़ी में बेहद ही खूबसूरत बीड और स्टोन वर्क किया हुआ है। इस साडी को आप ऑनलाइन और ऑफलाइन ले सकती हैं।

## आपके हाथों पर खूब जचेंगी ये फैंसी डिजाइन की अंगूठियां, आजमाएं इन्हें

तैयार होना हम सभी पसंद करते हैं। इसके लिए हम आए दिन नए से नए फैशन के दौर में चल रही चीजों को स्टाइल करते हैं। बदलते फैशन के दौर में आजकल स्टेटमेंट रिंग पहनना हम सभी पसंद करते हैं। आपके लिए कुछ बेहतरीन अंगूठियों की खूबसूरत डिजाइंस। साथ ही इन अंगूठियों को आकर्षक तरीके से स्टाइल करने के आसान टिप्स भी जानिए-



### पर्ल रिंग डिजाइन

फैशन ट्रेंड में एवरग्रीन पर्ल यानी मोती को काफी ज्यादा पसंद किया जाने लगा है। इसमें आपको व्हाइट के अलावा ऑफ व्हाइट कलर में काफी खूबसूरत डिजाइन वाली अंगूठी देखने को मिल जाएंगी। वहीं आपको अलग-अलग साइज के सिंगल स्टोन से लेकर पर्ल में कई डिजाइंस की अंगूठी देखने को मिल जाएंगी।

### ग्रीन एमरल्ड रिंग डिजाइन

ग्रेन कलर लगभग हर तरह की ड्रेस के साथ में आसानी से मैच कर जाता है। इसमें आपको काफी स्टाइलिश डिजाइन की स्टेटमेंट रिंग देखने को मिल जाएंगी। ग्रीन के अलावा आप इसमें मैरून कलर की अंगूठी हाथ की केवल एक उंगली में पहन सकती हैं। देखने में इस तरह की स्टेटमेंट रिंग आपको काफी रॉयल लुक देने का काम करेंगी।

### गोल्डन कलर रिंग डिजाइन

रॉयल और स्टेटमेंट लुक के साथ-साथ यह कलर लगभग हर तरह की साड़ी और सूट के साथ में मैच कर जाता है। इस तरह की अंगूठी आपको फ्लावर या गोल शेप में मिल जाएगी। वहीं इसमें आप चाहें तो अपनी पसंद का स्टोन या जेम भी डलवाकर उंगली में पहन सकते हैं।

## पहनते वक्त टूट जाती हैं कांच की चूड़ियां तो अपनाएं ये आसान टिप्स

अगर आप भी कांच की चूड़ी पहनते वक्त सिर्फ इस बात से डरती हैं, कि कहीं ये टूट न जाए तो अब डरना बंद कर दें। आपको कुछ ऐसी ट्रिक्स के बारे में जानना चाहिए, जिसको फॉलो करने के बाद आपकी चूड़ी नहीं टूटेगी।

**मॉइश्चराइजर :** अगर कांच की चूड़ी आपके हाथ में टाइट आ रही है तो आप मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल करते हुए चूड़ी पहनें। इसके लिए आप कोई भी मॉइश्चराइजर इस्तेमाल कर सकती हैं। मॉइश्चराइजर की जगह आप नारियल का तेल भी लगा सकती हैं। इसके लिए बस आप चूड़ी पहनने से पहले हाथ में मॉइश्चराइजर लगा लें और फिर चूड़ी पहनें।

**साबुन, फेस वॉश या शैम्पू लगाएं:** अगर आपको कांच की चूड़ियां पहनने में मुश्किल आती है तो दादी-नानी का नुस्खा अपनाएं और चूड़ियां पहनने से पहले हाथ में साबुन, शैम्पू या फेस वॉश लगा लें, इससे चूड़ियां झट से हाथ में चली जाएंगी।

**एलोवेरा जेल:** अगर आपको कांच की चूड़ी पहनने में मुश्किल आती है तो आप एलोवेरा जेल भी हाथ में लगा सकती हैं। इसकी मदद से आसानी से हाथ में चूड़ियां चली जाएंगी। इसको हाथ में अच्छे से लगाएं और फिर चूड़ियों को पहनें।



**हाथ में पहन लें पॉलीथिन:** अगर चूड़ियां पहनने में दिक्कत होती है और आसानी से चूड़ी हाथ में नहीं जाती तो पॉलीथिन पहन लें, ऐसा करने से चूड़ी हाथ में आसानी से चली जाएगी और टूटेगी भी नहीं।

कार्नर न्यूज

### सिर्फ महिलाएं ही नहीं, पुरुष भी रखते हैं अपने चेहरे का ख्याल

## मेंस फैशन में चेहरे की रौनक बढ़ाने बेहद साधारण उपाय से मिल जाएगा शानदार लुक

*आज के समय में चेहरे का ख्याल रखना बेहद जरूरी है। जब आप बाहर होते हैं, तो हवा में मौजूद धूल और कण आपके चेहरे पर जमा हो जाते हैं। मेंस फैशन में तो इस पर ध्यान देना ज्यादा जरूरी है क्योंकि बाहर कामकाज की वजह से ज्यादातर धूल और धूप में रहना होता है। इसके अलावा, पसीने के साथ-साथ त्वचा से निकलने वाले तेल और धूल एक साथ मिलकर गंदगी बना सकते हैं। ऐसे में चेहरे का खास ख्याल रखना बेहद जरूरी है।*



**जरूरत:** इसके लिए गुलाब जल का करें इस्तेमाल। दिनचर्या में गुलाब जल को करें शामिल। त्वचा के बेहतर स्वास्थ्य के लिए जरूरी बेहद उपयोगी है गुलाब जल।

**चेहरा साफ कैसे करें:** दिन में दो बार (सुबह और शाम) हल्के फेसवाश से चेहरे को धोएं। यह गंदगी और अतिरिक्त तेल हटाने में मदद करता है। हफ्ते में 1-2 बार स्क्रब का उपयोग करें। इससे मृत कोशिकाएं हटती हैं और त्वचा ताजगी महसूस करती है। चेहरे को नमी देने के लिए अच्छे मॉइस्चराइज़र का उपयोग करें। यह त्वचा को नरम और हाइड्रेटेड रखता है।

**गुलाब जल का करें इस्तेमाल:** अपने कई लाभकारी गुणों के लिए जाना जाने वाला गुलाब जल आपकी त्वचा के स्वास्थ्य और रूप-रंग को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

यह न केवल एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर है, बल्कि इसमें एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटीसेप्टिक गुण भी हैं जो जीवंत और स्वस्थ त्वचा को बनाए रखने के लिए आवश्यक हैं। इसके अलावा यह त्वचा को हाइड्रेट करने और प्राकृतिक चमक लाने का काम करती है।

**दिनचर्या में गुलाब जल को करें शामिल:** चमकदार और साफ़ त्वचा पाने की चाहत रखने वाले लोगों के लिए अपनी त्वचा की देखभाल की दिनचर्या में गुलाब जल को शामिल करना एक गेम-चेंजर साबित हो सकता है। मुंहासों से निपटने और काले घेरों को कम करने की इसकी क्षमता त्वचा की देखभाल के समाधान के रूप में काफी प्रभावशाली है।



जब आप अपनी दैनिक त्वचा देखभाल दिनचर्या के हिस्से के रूप में लगातार इसका इस्तेमाल करते हैं, तो गुलाब जल त्वचा की समस्याओं को काफी हद तक कम कर सकता है, जिससे आपकी त्वचा बेहतरीन दिखती है।

**त्वचा के बेहतर स्वास्थ्य के लिए जरूरी:** गुलाब जल को अपनी स्किनकेयर रूटीन में शामिल करना सीधा-सादा है और इससे बेहतर परिणाम मिल सकते हैं। सबसे सरल तरीकों में से एक है इसे क्लींजर के रूप में इस्तेमाल करना है।